# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

रांची, बुधवार, 25 जून 2025

संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण 14 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 291, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ आम आदमी पार्टी के वजूद पर सवाल

लाल परी टाइटल से खुश सौंदर्या शर्मा ◂◂ 6


## घर में सोया हुआ था शख्स, तभी आ गया बाघ

### ग्रामीणों ने सूझबूझ से बाघ को एक कमरे में बंद कर दिया



**संवाददाता**

**मुरी :** राजधानी के आसपास के जंगलों में एक बाघ घूम रहा है। दरअसल, रांची के सिल्ली इलाके में एक ग्रामीण ने सूझबूझ से बाघ को एक कमरे में बंद कर दिया और उसने मामले की जानकारी वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की रेस्क्यू टीम, बाघ को बेहोशी का इंजेक्शन देकर उसका रेस्क्यू करेगी।

**कमरे में आकर बैठा था बाघ :** पूरा मामला रांची के सिल्ली प्रखंड के कोचो पंचायत के मारदू गांव का है। पुरंदर महतो नाम के ग्रामीण के कमरे में अचानक कुछ आहट की आवाज सुनाई दी। जब उसने टॉर्च जलाकर देखी तो वह कांप गया क्योंकि कमरे के अंदर बाघ घुसा हुआ था। पुरंदर महतो ने समझधारी दिखाते हुए बाघ को बिना छेड़े और बिना शोर मचाए, कमरे से बाहर निकल गए और कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया।

ग्रामीण ने बताया कि जानवर की लंबाई 6 से 7 फीट है। सबसे खास बात है कि जिस घर में यह बाघ घुसा, उसमें दो छोटी बच्चियां सो रही थी। उनके मुताबिक बाघ ने बच्चियों को कुछ नहीं किया। जिसके बाद ग्रामीण पुरंदर महतो ने बच्चियों के कमरे से बाहर निकलने पर बाहर से ताला बंद कर दिया। फिलहाल, कोचो पंचायत के मारदू गांव में बाघ को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

सिली थाने और वन विभाग की एक टीम पहले से मौके पर मौजूद है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला से सटे झारखंड के सिल्ली में एक बंगाल टाइगर ग्रामीण के घर में घुस गया है। इससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

**घटनास्थल पर वन विभाग की टीम :** डीएफओ ने पग मार्क का हवाला देते हुए इसे मेल बाघ होने की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि जिस इलाके में यह बाघ मिला है वो पश्चिम बंगाल से बिल्कुल सटा हुआ है। अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि यह किस तरफ से गांव में घुसा है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबह करीब 4.30 बजे एक बड़ा जानवर गांव में घुसा था। वन विभाग की एक टीम घटनास्थल पर मौजूद है। मौके पर मौजूद वनरक्षी गौतम बोस ने बताया कि सुबह करीब 5.30 बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि बाघ की तरह दिखने वाला एक बड़ा जानवर, एक घर में घुस गया है। तब से एक टीम घटनास्थल पर जमी हुई है।

### 20 दिनों के भीतर नीमडीह में दूसरे हाथी की मौत, जांच में जुटा वन विभाग




**चांडिल :** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह थाना अंतर्गत हेवन गांव में कल मंगलवार की रात एक और जंगली हाथी की मौत हो गयी। आज बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने खेत में हाथी को मृत अवस्था में देखा, जिसके बाद इसकी सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधि, थाना और वन विभाग को दिया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी। हाथी के मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। वन विभाग की टीम पशु चिकित्सा की टीम बुलाकर मामले की जांच कर रही है।

**20 दिन पूर्व ही हुई थी एक हाथी की मौत :** इस संबंध में वन विभाग ने बताया कि हेवन क्षेत्र में तीन जंगली हाथी घूम ररहे थे, जिसमें से एक की मौत एक की मौत हो गयी है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है। मालूम हो इससे पूर्व 20 दिन पहले ही नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में एक हाथी की मौत हुई थी। 5 जून को आमडाबेड़ा गांव में झुंड से बिछड़े एक दंतैल हाथी की मौत हुई थी ।

### आपातकाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

## कोई भी भारतीय कभी नहीं भूलेगा



**नई दिल्ली:** देश में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने आपातकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो गए हैं। यह वो वक्त था जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था।

**संसद की आवाज दबाई गई :** पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी भारतीय कभी नहीं भूल सकता कि किस तरह हमारे संविधान की भावना का उल्लंघन किया गया। संसद की आवाज दबाई गई और अदालतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। 42वां संशोधन उनकी हरकतों का एक प्रमुख उदाहरण है। गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों को खास तौर पर निशाना बनाया गया, जिसमें उनकी गरिमा का अपमान भी शामिल है।

**आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम :** प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हैं। ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, अलग-अलग विचारधाराओं से आए थे जिन्होंने एक ही उद्देश्य से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया। उनका लक्ष्य था भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करना और उन आदर्शों को बनाए रखना जिनके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह उनका सामूहिक संघर्ष ही था जिसने यह सुनिश्चित किया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करना पड़ा और नए चुनाव कराने पड़े। जिसमें वे बुरी तरह हार गए।

**गरीबों और वंचितों के सपने पूरे करेंगे :** पीएम ने लिखा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने तथा विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएं तथा गरीबों और वंचितों के सपनों को पूरा करेंगे।

**तब मैं आरएसएस का प्रचारक था :** आपातकाल के दिनों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब जब आपातकाल लगाया गया था, तब मैं आरएसएस का युवा प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सीखने का एक अनुभव था।

### भारत की नई उड़ान : स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए शुभांशु शुक्ला, फ्लोरिडा से एक्सिओम-4 मिशन लॉन्च



**नई दिल्ली :** भारत ने अंतरिक्ष की ओर नई उड़ान भरी है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए हैं। फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में कॉम्प्लेक्स 39ए से एक्सिओम-4 मिशन को लॉन्च किया गया। शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री एक्सिओम स्पेस के एक मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पर निकले हैं। सफल लॉन्चिंग के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया के जरिए अपडेट दिया। नासा ने 'एक्स' पर लिखा, ₹हमने एक्सिओम मिशन 4 की उड़ान भरी है। एक्स-4 मिशन 25 जून को सुबह 2:31 बजे (भारतीय समयानुसार, दोपहर 12:01 बजे) पर लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से उड़ान भर गया, जिसमें चार निजी अंतरिक्ष यात्री 14 दिनों तक के मिशन के लिए स्पेस स्टेशन पर गए।₹ एक्सिओम स्पेस ने भी पोस्ट किया है, जिसने लिखा, ₹एएक्स-4 के लिए उड़ान। एएक्स-4 का चालक दल स्पेस स्टेशन की ओर बढ़ रहा है।




न्यूज IN ब्रीफ

## चतरा के बड़े कारोबारी व संवेदक सुबोध सिंह नहीं रहे



**चतरा :** जिले के लिए एक दुखद खबर सामने आई है। चतरा जिले के बड़े कारोबारी सह संवेदक सुबोध सिंह के निधन की सूचना आई है। जमशेदपुर के एक होटल से सुबोध सिंह का शव संदिग्ध हालात में मिला है। सुबोध सिंह शहर के बाइपास रोड स्थित नगवां मोहल्ला में घर बनाकर रह रहे थे।वह मूल रूप से हंटरगंज प्रखंड के ढौलिया गांव के रहने वाले हैं।

## पुलिस ने न्यायालय को गुमराह करने वाले फरार आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल




**चतरा :** सदर पुलिस ने छापामारी अभियान चला कर न्यायालय को गुमराह करने व धोखाधड़ी के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कुलेश्वर महतो पिता स्व० परमेश्वर महतो सिमरिया थाना क्षेत्र के डाडी गांव का रहने वाला है।वह दो साल से फरार चल रहा था।उसके खिलाफ सदर थाना कांड संख्या 196/23 के तहत धोखाधड़ी व न्याय प्रक्रिया में हस्तक्षेप का मामला दर्ज हैं।थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद से कुलेश्वर महतो फरार चल रहा था।गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चला कर घर से गिरफ्तार किया गया।उसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया। बता दें कि कुलेश्वर महतो समेत कई लोगों ने रिकॉर्ड रूम से जमीन सम्बंधित दस्तावेज निकाल कर छेड़छाड़ किया था, इसके बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर टाइटन शूट जीत गया। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। इस मामले में कई लोग पूर्व में जेल जा चुके हैं। छापामारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक राहुल सिंह व कई जवान शामिल थे।

## सिल्ली में मांडू विधायक निर्मल महतो के विरोध में पुतला दहन



**मुरी :** सिल्ली में मांडू के आजसू विधायक निर्मल महतो के विरोध में 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' ने पुतला दहन के साथ अपना विरोध प्रकट किया। ज्ञात हो कि बीते 22 जून को आजसू पार्टी के स्थापना दिवस टाना भगत इंदौर स्टेडियम खेलगांव में मनाया गया। इस दौरान भारी भीड़ के बीच मीडिया संवाद में मांडू के विधायक निर्मल महतो द्वारा डुमरी के विधायक जयराम कुमार महतो के मां को इंगित करते हुए अभद्र शब्द का प्रयोग किया गया। जिसका वीडियो क्लिप भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा में भारी नाराजगी है। संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने संपूर्ण झारखंड में विरोध प्रदर्न को लेकर देवेंद्र नाथ महतो ने बुंडू मोड सिल्ली में कार्यकताओं के साथ पुतला दहन करते हुए कहा कि विधायक निर्मल महतो के द्वारा हमारे डुमरी विधायक पर अभद्र गाली-गलौज करना अशोभनीय है। इससे उनके परवरिश का पता चलता है। झारखंड अलग आंदोलनकारी कृष्णा महतो के धर्मपत्नी पर अभद्र टिप्पणी कदापि यह राज्य स्वीकार नहीं करेगा। कानूनी तौर पर भी हमारे संगठन पदाधिकारी कई थानों में लिखित शिकायत दर्ज कर चुके हैं। त्वरित सख्त कार्रवाई को लेकर सभी न्यायिक संस्था तक पहुंचेंगे।बताते चलें कि सिल्ली के विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो,खुदीराम महतो, गुहीराम स्वांसी, कार्तिक महतो, चंडी प्रसाद, मदन महतो, अजय महतो, पंकज, मलिंगा बिरेन आदि संगठन के पदाधिकारी व सैकड़ो जनसाधारण मौजूद रहे।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल, पितीज अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**चतरा :** जिला ओलम्पिक संघ के निदेर्शानुसार दिल्ली पब्लिक स्कूल,पितीज में अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, फिटनेस और टीम वर्क को बढ़ावा देना लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य के लिए था।कार्यक्रम की शुरूआत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई, जहाँ बच्चों ने कबड्डी, बैडमिंटन,वॉलीबॉल और एथलेटिक्स,ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने न केवल प्रतिस्पर्धा दिखाई, बल्कि नियम, अनुशासन और सहयोग का भी परिचय दिया।

कार्यक्रम के दौरान खेलों के माध्यम से 'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है' की भावना को प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही, जिसमें विशेष रूप से शारीरिक शिक्षक प्रत्युष कुमार एवं प्रह्लाद कुमार का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने पूरे आयोजन की योजना, संचालन और बच्चों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विदेश मंत्री से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

### नाइजर में अपहृत श्रमिकों की घर वापसी पर की चर्चा

संवाददाता



**गिरिडीह:** पश्चिमी अफ्रीका के नाइजर में तकरीबन दो महीने से अपहृत बगोदर के पांच प्रवासी श्रमिकों की रिहाई नहीं हो सकी है। ऐसे में इस मुद्दे को लेकर कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विदेश मंत्री डॉ। एस। जयशंकर से मुलाकात की।

**नाइजर में अपहृत श्रमिकों पर हुई चर्चा :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को विदेश मंत्री से मुलाकात कर नाइजर में फंसे बगोदर क्षेत्र के प्रवासी मजदूरों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। इसके उपरांत अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि प्रवासी मजदूरों की सकुशल वापसी को लेकर वह प्रारंभ से ही विदेश मंत्रालय के निरंतर संपर्क में हैं। उन्होंने इस संवेदनशील विषय को लेकर विदेश मंत्री से विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया, जिस पर डॉ। जयशंकर ने हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया है।

**जल्द सभी श्रमिक सुरक्षित घर लौटेंगे: केंद्रीय मंत्री :** विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रयासों की जानकारी देते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सरकार संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने प्रवासी मजदूरों के परिजनों को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार पूरी गंभीरता से विषय पर काम कर रही है और हर भारतीय की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अन्नपूर्णा देवी ने यह भी बताया कि उन्होंने हाल ही में प्रवासी मजदूरों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें अब तक हुई प्रगति से अवगत कराया है। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि उनके अपने जल्द सुरक्षित घर लौटेंगे।

**क्या है पूरा मामला :** बता दें कि पश्चिमी अफ्रीका के नाइजर देश से पांच भारतीय प्रवासी श्रमिकों का अपहरण किए जाने का मामला लगभग दो माह पहले सामने आया था। सशस्त्र अपराधियों के द्वारा दोंदलो पंचायत के संजय महतो, चंद्रिका महतो, राजू महतो, फलजीत महतो एवं मुंडरो के उत्तम महतो का अपहरण किया गया था।

# निषिद्ध मादक पदार्थों का सेवन करने को लेकर विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम



संवाददाता

**चतरा :** मंगलवार को मॉडल कॉलेज,चतरा में विद्यार्थियों को निषिद्ध मादक पदार्थों का सेवन न करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष दयाल एवं सिमरिया के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अशोक कुमार के द्वारा दीप प्रजवलित कर किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को मादक पदार्थ चरस, अफीम, तंबाकू आदि के सेवन से होने वाला दुष्परिणाम के बारे में बताया। उन्होंने कहा है कि मादक पदार्थों को ना कहें और जिंदगी को हाँ कहें।

डॉ.अशोक कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से कई घर बर्बाद हो गये हैं। आने वाली युवा पीढ़ी को बर्बाद होने से बचाए इसके लिए लोगों को मादक पदार्थों के उत्पादन, बिक्री एवं सेवन को बंद करना होगा क्योंकि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सवार्धिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए नशामुक्त भारत अभियान में सभी युवाओं को योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निसिद्ध मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के संदर्भ में विडियो दिखा कर जागरूक करने का कार्य किया गया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कॉलेज के छात्र-छात्राओं को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साथ उनके बीच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।इसके अलावा क्विज कंपटीशन भी किया गया जिसमें बच्चों के को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार तथा 20 सांत्वना पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया नेशनल टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर तंबाकू क्यूट हेल्पलाइन नंबर के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया साथ ही साथ सदर अस्पताल में संचालित ळउउ सेंटर तंबाकू सेंसेशन केंद्र की भी जानकारी दी गई और बताया गया कि यहां दवा उपलब्ध है जो बहुत हद तक तंबाकू छोड़ने में कारगर सिद्ध होती है। मॉडल कॉलेज,चतरा के प्रांगण में भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में रश्मी दुबे,मनोज कुमार पाण्डेय, रविन्द्र कुमार,अशोक रजक स्वास्थ्य कर्मी एवं सीनी संस्था से ओम प्रकाश शर्मा एवं अन्य मॉडल कॉलेज,चतरा के शिक्षक एवं कर्मियों का अहम योगदान रहा।

## गैंगस्टर प्रिंस खान के 9 गुर्गे हथियार के साथ गिरफ्तार, धनबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता



संवाददाता

**धनबाद:** पुलिस ने गैंगस्टर प्रिंस खान के गिरोह के 9 अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। इनके पास से 5 पिस्टल, 27 जिंदा कारतूस, 4 मोटरसाइकिल और 6 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। यह गिरोह पिछले साल शहाबुद्दीन की हत्या में शामिल था। धनबाद पुलिस के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**पुलिस की रणनीति और एसएसपी का नेतृत्व :** एसएसपी प्रभात कुमार के नेतृत्व में एक महीने के भीतर यह सफलता मिली है। प्रिंस खान के खौफ को कम करने के लिए पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों को रणधीर वर्मा चौक से जेल तक पैदल मार्च कराया। इस दौरान लोग अपराधियों को देखकर उत्सुकता से पूछते रहे कि ये कौन हैं।

**अपराधियों की योजना नाकाम :** एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधी प्रिंस खान के लिए काम करते थे और किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर इनकी गिरफ्तारी की। उन्होंने कहा कि शहाबुद्दीन हत्याकांड में भी इनका हाथ था।

**रंगदारी का खेल :** गिरफ्तार अपराधी प्रिंस खान के लिए रंगदारी वसूलने और रकम पहुंचाने का काम करते थे। कुछ व्यवसायियों के नाम भी सामने आए हैं, जो रंगदारी की रकम देते थे। मामले की जांच जारी है।

**गिरफ्तार अपराधियों के नाम :** गिरफ्तार अपराधियों में पश्चिमी सिंहभूम, चक्रधरपुर के 45 वर्षीय मो। हाशिम और 24 वर्षीय पीर मोहम्मद उर्फ गबरू, पूर्वी सिंहभूम, मानगो के अजय कांडियांग, बबलू कांडियांग, पिंटू लोहार, सरायकेला-खरसांवा के मो। एहसान, धनबाद के मो। सरवर, तनवीर आलम और सैफ अली उर्फ मुन्ना शामिल हैं।

**पुलिस टीम की सक्रियता :** सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

### हंटरगंज में भाजपा का प्रखंड कार्यालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन

# हेमंत सरकार में चारों तरफ मची लूटः मंडल अध्यक्ष

संवाददाता



**चतरा :** झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था,लचर बिजली - पानी व्यवस्था,अवैध बालू पत्थर - कोयला की लूट प्रखंड कार्यालय और बेरोजगारी के विरोध में भाजपाइयों की ओर से हंटरगंज प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई साथ ही कहा गया कि चाहे अंचल हो या प्रखंड कार्यालय सब जगह भ्रष्टाचार का गढ़ बनते जा रहा है। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है , और आम जनता बिजली पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि अवैध बालू ,पत्थर और कोयला खाना खुले आम हो रहा है लेकिन सरकार मुकदर्शक बनी हुई है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में चारों तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार का बोलबाला है कोई भी काम बिना पैसा का नहीं हो रहा है। सब कुछ जानकार भी सरकार और जिला के प्रशासनिक अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। इस दौरान भाजपा के कई नेताओं के द्वारा हंटरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप के समक्ष ज्ञापन पत्र भी सौंपा है। मौके पर हंटरगंज प्रखंड मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, जोरी पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद चौरसिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष रौशन सिंह, जोड़ी मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, टुनटुन सिंह, रौशन सिंह, असर्फी सिंह, प्रमोद सिंह, संजय यादव, संतोष केसरी, सत्येंद्र सिंह,कपिल पासवान, संजय पासवान, के अलावा साइकिल भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पलायन को मजबूर मजदूर की सड़क हादसे में हुई मौत

**चतरा :** तमाम योजनाओं के बाद भी क्षेत्र से मजदूरों के पलायन पर विराम नहीं लग पा रहा है। गरीब तबके के मजदूरों को आज भी गांव में काम नहीं मिलने के कारण पलायन की मजबूरी है। ताजा मामला हंटरगंज थाना क्षेत्र के सुगी गांव के तिलक भुईयां का 45 वर्षीय पुत्र हरिश्चंद्र भईयां की मौत रविवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ में हो गई इनका शव मंगलवार को आते ही परिजनों में चीख चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही जेएलकेएम नेता सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अशोक भारती सूगी गांव पहुंचे जहां मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।वही होटल संचालक से 1 लाख 10 हजार रुपया दिलवाया। हंटरगंज प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप ने भी उचित मुआवजा देने की बात कही है।जानकारी के अनुसार हरिश्चंद्र छत्तीसगढ़ में 2 माह पूर्व एक होटल में मजदूरी करने गया था। मजदूरी मिलने के बाद वह अपने घर पैसा लगाने प्रज्ञा केंद्र गया था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने अपने चपेट ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था छत्तीसगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत इलाज के दौरान हो गई।

**तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया :** बता दे की मृतक के तीन छोटे- छोटे बच्चें हैं जिनके सिर से अब पिता का साया उठ चुका है। मृतक व्यक्ति परिवार बढ़ने के साथ गुजारा नहीं हो पाया तो स्वाभिमान से परिवार के पेट की भूख मिटाने की खातिर बाहर निकल गया। लेकिन उसे किया पता की उसकी मौत हो जायेगी जेएलजेएम नेता अशोक ने बताया कि पलायन रोकने को लेकर सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए जिसके तहत मजदूरों के लिए कई राहत कार्य और योजना शुरू करने की भी आवश्यकता है।

### चतरा में नशा विरोधी अभियान तेज

# होटलों में अवैध शराब परोसने पर सवाल

संवाददाता



**चतरा :** जिला प्रशासन ने नशे के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है, जिसके तहत जिले को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। पिछले एक पखवाड़े में अफीम, ब्राउन शुगर और शराब के कई अड्डों का पदार्फाश हुआ है। जिससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। हालांकि, शहर और गांवों के फास्ट फूड दुकानों, भोजनालयों और रेस्टोरेंट्स में खुलेआम शराब का सेवन चिंता का विषय बना हुआ है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश होटलों और रेस्टोरेंट्स में शराब पीते हुए लोग आसानी से देखे जा सकते हैं। जिनमें कम उम्र के युवा भी शामिल हैं। सवाल उठता है कि क्या इन प्रतिष्ठानों को शराब परोसने का लाइसेंस प्राप्त है? संभावना कम है, फिर भी रात 9 बजे के बाद कई होटलों में शराब का सेवन आम बात हो गई है। हाल ही में एक जनरल स्टोर से पुलिस ने दर्जनों शराब की बोतलें बरामद की। जो इस अवैध कारोबार का सबूत है।नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बिना लाइसेंस वाले होटलों और रेस्टोरेंट्स को चिह्नित कर छापेमारी अभियान चलाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि इससे न केवल युवाओं को नशे की लत से बचाया जा सकेगा, बल्कि आम लोग भी अपने परिवार के साथ बेझिझक रेस्टोरेंट्स में खाना खाने जा सकेंगे।चतरा पुलिस और प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान की सराहना करते हुए लोगों ने शराब के अवैध कारोबार पर और सख्ती बरतने की अपील की है। प्रशासन से उम्मीद है कि वह इस दिशा में त्वरित कदम उठाएगा, ताकि चतरा नशामुक्त और सुरक्षित बन सके।

## जेनरल स्टोर में उत्पाद विभाग ने की छापामारी, शराब जब्त

**चतरा :** उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार की देर शाम शहर में अवैध रूप से शराब बेचने वालों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। छापामारी के दौरान नगवां मुहल्ला स्थित प्रकाश जेनरल स्टोर से 15.600 लीटर बियर जब्त किया गया। मौके से एक युवक को हिरासत में लिया गया। जुमार्ना लगाकर युवक को छोड़ दिया गया। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अभिषेक आनंद ने बताया कि उपायुक्त कीर्तिश्री जी के निर्देश पर शहर में अवैध शराब बिक्री स्थलों पर छापामारी अभियान चलाया गया।इस दौरान एक दुकान से बियर जब्त किया गया। बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। छापामारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक अभिषेक आनंद, आशीष कुमार पांडेय, उत्पाद सिपाही व गृह रक्षक बल के जवान शामिल थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवनिर्मित झारखंड भवन का किया निरीक्षण

## व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

बिनय मिश्रा

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन नई दिल्ली प्रवास के दौरान नवनिर्मित झारखंड भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में मौजूद अधिकारियों को व्यवस्थाओं से संबंधित कई दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन में अतिथियों से जुड़ी सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जाए एवं नियमित साफ सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का मेंटेनेंस



सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित झारखंड भवन स्थित अतिथि कक्ष, कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक राजेश कच्छप, विधायक सोनाराम सिंकू, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल सहित झारखंड भवन नई दिल्ली के अन्य पदाधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# श्रोताओं को भक्ति रस का रस पान कराया

संवाददाता

**रांची:** रातु रोड पिस्का मोड़ में रांची इस्कॉन भक्ति वृक्ष के प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर 7 बजे से 9 बजे तक रांची इस्कॉन के महाप्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास ने अपने सानिध्य में श्रीधाम मायापुर पश्चिम बंगाल इस्कॉन मुख्यालय से पधारे मधुसूदन प्रभुजी, पदामानेत्रा प्रभु जी, श्पांडव हरि प्रभु जी, प्रकाश प्रभु जी ने अपने श्रोताओं को भक्ति रस का रस पान कराकर भक्ति विभोर कर दिया। ये पूरा कार्यक्रम को इस्कॉन ग्रुप के आजीवन सदस्य एवं बराबर इस्कॉन ग्रुप के अगुवाई करने वाले सभी के मन को अपने भक्ति के बल पर जितने वाले अरुणदेव कुमार प्रभुत जी ने अपने संबोधन में भक्तिरस की वर्षा कर उपस्थित प्रभु जी लोगों



के साथ ही अनुयाई श्रोताओं के मन को एक सूत्र में बांधने का काम किया। उनके इस भक्ति प्रदर्शन से कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोताओं के मन विश्वास को जितने का काम किया है। अरुणदेव प्रभु जी ने बताया कि मायापुर से उपस्थित प्रभुओं से जानकारी मिली कि रांची में भी इस्कॉन का भव्य मंदिर निर्माण कराया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले दिनों होली के दौरान रांची महानगर में झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ मुख्यालय रवि स्टील डिफेंस कॉलोनी के सामने स्थित धर्मशाला में पुष्पों की होली मनाई गई थी जो रांची विभिन्न जगहों में मनाई गई जो पूरे रांची शहर में मशहूर हुआ और आम जनता के बीच चर्चा हुई।

## मनीषा सहाय को मिला लघुकथा श्री सम्मान



संवाददाता

**रांची :** लघुकथा शोध केन्द्र समिति( भोपाल) द्वारा हिन्दी भवन में अखिल भारतीय लघुकथा शोध संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का ,एक दिवसीय आयोजन सफलता के साथ सपन्न हुआ। राँची (झारखंड ) से मनीषा सहाय 'सुमन' को एकल लघुकथा संकलन ₹ बूँद बूँद जिंदगी₹ के लिये कृति सम्मान 2025 लघुकथा श्री सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर बूँद -बूँद जिंदगी लघुकथा संकलन का विमोचन समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व साहित्य अकादमी निदेशक *डॉ देवेन्द्र दीपक जी के कर कमलों से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के निदेशक डॉ प्रज्ञेश अग्रवाल थे। कार्यक्रम में सुभाष नीरव जी, डॉ मिथिलेश अवस्थी जी,विजय जोशी जी एवं लघुकथा शोध केन्द्र समिति की अध्यक्ष कांता राय, उपाध्यक्ष गौकुल सैनी , सचिव घनश्याम मैथिल जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ । चार सत्र में विभाजित कार्यक्रम में लघुकथा के जनक पंडित माधव राव सप्रे जी की लघुकथा ₹ एक टोकरी मिट्टी₹ के वाचन से आरंभ हुए, इस आयोजन में सम्मान समारोह , कई पुस्तकों का लोकार्पण, शोध आलेखों का वाचन के साथ लघुकथाओं का पाठ किया गया, जिसमें पंजाब से आए लघुकथाकारों नें बेहतरीन कथाओं का वाचन किया। डॉ. मिथलेष अवस्थी जी व सुभाष नीरव जी को सुनना, डॉ. देवेन्द्र दीपक जी की सारगर्भित बातें जिसमे उन्मेष हमारा लक्ष्य होना चाहिए, लेखक , रचनाकारों को हर दिन खुद को माँजते रहना चाहिए।

यही सृजन की परम अवस्था है। लघुकथा की तरह ही सटीक और सारगर्भित दिशा निदेर्शों से भारी सार्थक शोध संगोष्ठी के लिये समस्त लघुकथा केन्द्र की टीम को धन्यवाद के साथ अनंत शुभकामनाएँ दी गई।

# मोहर्रम का जुलूस पूरे एहतराम व जोशो-खरोश से निकाला जाएगा : मो सईद

## वर्ष 2025 के मोहर्रम जुलूस को लेकर मधुबन मार्केट में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की बैठक संपन्न

संवाददाता

**रांची :** सेंट्रल मोहर्रम कमेटी रांची की बैठक मधुबन मार्केट मेन रोड रांची में के सरपरस्त मो. सईद के सरपरस्ती व जावेद गद्दी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई । बैठक का संचालन महासचिव अकील उर रहमान ने किया। बैठक में धवताल अखाड़ा के प्रमुख खलीफा पप्पू गद्दी, इमाम बख़्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मोहम्मद महजूद,सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी, महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मो. इसलाम, उपाध्यक्ष मो. आफताब, सचिव मो. तौहीद , अब्दुल कादिर रब्बानी सहित तमाम पदाधिकारी के साथ-साथ दोनों प्रमुख खलीफा के अधीन आने वाले तमाम खलीफा एवं प्रमुख पदाधिकारीगण बैठक में भाग लिए। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न क्षेत्र से आए हुए खलीफाओं एवं पदाधिकारी ने अपने संबोधन में वर्ष 2025 के मोहर्रम के जुलूस को पूरे जोशो खरगोश व पूरे एहतराम के साथ निकले जाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि इस वर्ष 2025 के मुहर्रम




का जुलूस आपसी सौहार्द एवं पूरे जोशो- खरोश के साथ निकाले जाने का निर्णय लिया गया।यह भी निर्णय लिया गया कि सेंट्रल मुहर्रम कमिटी द्वारा जारी किए जाने वाले गाईड लाईन का पालन करते हुए इस वर्ष के मुहर्रम का जुलूस आपसी सौहार्द के साथ निकाला जाएगा जो ऐतिहासिक होगा। सेंट्रल मुहर्रम कमिटी की बैठक में झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान का पुरजोर समर्थन किया गया एवं सराहना करते हुए यह आह्वान किया गया कि अपने अपने अखाड़े में नशेड़ियों पर विशेष निगरानी रखें एवं किसी कीमत पर नशेड़ियों को मुहर्रम के जुलूस में शामिल होने न दें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मुहर्रम का चांद नजर आ जाने के बाद सेंट्रल मुहर्रम कमिटी द्वारा तमाम अखाड़ाधारियों एवं खलीफाओं को मुहर्रम के जुलूस से सम्बंधित गाईडलाइन एवं दिशा निर्देश जारी कर दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से धवताल अखाड़ा के प्रमुख खलीफा जमशेद अली पप्पू गद्दी,इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मोहम्मद महजूद ,सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी ,महासचिव अकीलुर्रहमान ,प्रवक्ता मोहम्मद इस्लाम ,उपाध्यक्ष मोहम्मद आफताब , अब्दुल कादिर रब्बानी,सचिव मो. तौहीद, रोजन गद्दी,मोहम्मद महबूब ,जमील गद्दी, अय्यूब राजा खान ,मासूम गद्दी,मो. शफीक,समसू खान ,शोएब खान, मोहम्मद करीम,जसीम हसन,छोटे,मो. उमर, नौशाद आलम,मो. परवेज, शहजाद इदरीसी,बाबू शाह,इबरार बब्लू,मो. हसमत,मंसूर चिश्ती,मेराज अशर्फी,फैज आलम,मो. नईम,मो. मोबीन,मनव्वर हुसैन भुट्टो, गुलजार सैफी,मो. अब्दुल्लाह, सहित अनेक खलीफा एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता मो.इसलाम ने किया।



मेंन रोड हनुमान मंदिर के पास से नगर निगम एवं डेली मार्केट ट्रैफिक थाना के द्वारा चलाया जा रहा है अतिक्रमण हटाओ अभियान।

## शिकायत कोषांग समिति का हुआ पुनर्गठन

**रांची :** झारखण्ड पुलिस मुख्यालय में शिकायत कोषांग समिति का पुनर्गठन हुआ है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर आईजी नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में इस समिति का गठन किया गया है। इसमें आईजी नरेंद्र सिंह अध्यक्ष और डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, अमित रेणु और अवर सचिव ( कार्मिक) सदस्य है।

## ओबीसी आरक्षण खत्म करने की झामुमो ने की साजिश : आजसू

**रांची :** आजसू पार्टी ने आरोप लगाया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पिछड़ा वर्ग विरोधी है। झामुमो ने पंचायत और नगर निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खत्म करने की साजिश रची थी, जिसे आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने विफल कर दिया तो झामुमो बौखला गया है और बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। सुदेश महतो ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए हमेशा संघर्ष किया है, जबकि हेमंत सरकार की ओबीसी विरोधी साजिश के कारण पंचायत और नगर निकाय का चुनाव कई वर्षों से नहीं हो पा रहा है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो तथा वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने आज प्रेस कांफ्रेंस को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो का आजसू पर आरोप झूठ का पुलिंदा है। मुंह से बोलने से नहीं चलेगा। तथ्यों के आधार पर झामुमो बात करे और जनता को गुमराह करना बंद करे। डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि सुदेश महतो ने पंचायत में दस हजार पदों पर ओबीसी को आरक्षण दिया था, जिसे इस सरकार ने एकमुश्त समाप्त कर दिया है। हेमंत सरकार ट्रिपल टेस्ट के बिना ही पंचायत और नगर निकाय चुनाव करवाना चाहती थी, ताकि ओबीसी को आरक्षण नहीं देना पड़े। पंचायत चुनाव को लेकर सुदेश महतो की पहल पर आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सुप्रीम कोर्ट गए और कोर्ट ने निर्देश दिया तब जाकर यह सरकार ओबीसी के लिए ट्रिपल टेस्ट करवा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मार्च 2022 में भी स्पष्ट रूप से कहा था कि ओबीसी आरक्षण की बाध्यता नहीं है जिसका आजसू ने विरोध किया था। श्री प्रभाकर ने कहा कि झारखंड बनने के बाद सुदेश महतो और आजसू के प्रयास से राजग सरकार ने 2001 में ही ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल की थी, जिसे कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। 2021 में भी सुदेश महतो ने इस विषय पर विधानसभा में गैर सरकारी संकल्प प्रस्ताव लाया था। श्री प्रभाकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में विशेष परिस्थितियों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण पर सहमति जताई है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर–पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा संख्याः मं.रे.प्र. (बि.)–12–25–28, कार्य का नामः All Div.: Provision of grid connected Solar Plants of capacity 800 kWp at various service buildings / Railway bungalows / plat-form shelters/ vacant land over Ajmer Division, अनुमानित लागतः ₹2,96,77,100/–, बयाना राशिः ₹2,98,400/–, ई–निविदायें बन्द होने की तिथिः 14.07.2025. उपरोक्त ई–निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता – www.ireps.gov.in

726-PS/25

## 159 वा श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 159 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मोहनलाल खंडेलवाल ममता देवी खंडेलवाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। मोहनलाल खंडेलवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया मोहनलाल खंडेलवाल ममता देवी खंडेलवाल माधव खंडेलवाल प्रिया खंडेलवाल उपमंत्री अनिल नारनौली सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## राहे में पुलिस ने किया नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान

**राहेः** रांची पुलिस के सौजन्य से एसडीपीओ बुंडू ओमप्रकाश के नेतृत्व में नशा मुक्ति जन जागरण अभियान के तहत राहे गांव के सर्वोदय स्कूल ओर सुभाष चौक में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एसडीपीओ बुंडू ओमप्रकाश ने लोगों ओर बच्चों से कहा कि गंजा ,अफीम, चरस ,शराब, गुटका, सिगरेट, तंबाकू आदि नशा छोड़ें और अपने परिवार को बर्बाद होने से बचाए ,साथ ही क्षेत्र में अफीम की खेती करने की सूचना पुलिस को अवश्य दें। इस दौरान डायन बिसाही ओर सड़क सुरक्षा के



संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया।इस क्रम में ग्रामीणों ओर स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति करने के शपथ दिलाई गई।मौके पर राहे थाना से एसआई शैलेन्द्र टुडु, एम सोरेन,कुलदीप सिंह, सर्वोदय स्कूल से सुनील महतो, ज्ञान महतो, संजय शेखर,आदि मौजूद थे।

## तैत-टवेटा काउंटी में संजय सेठ ने किया योगाभ्यास

**रांची :** वन अर्थ - वन फैमिली की कामना के साथ केन्या के तैत-टवेटा काउंटी में स्थानीय नागरिकों और केन्याई रक्षा बलों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने योगाभ्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर बढ़ते भारत के मान की झलक दुनिया भर में देखने को मिल रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में रक्षा क्षेत्र ने कई देशों के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ किए हैं। योग के माध्यम से आज पूरी दुनिया जुड़ रही है। भारत की यह विधा दुनिया की एकजुटता को मजबूत बना रही है।

### पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ झारखंड की चुनाव प्रक्रिया में नियमों की हुई अनदेखी

# राज्य भर के खिलाड़ियों में आक्रोश : दिव्यांग संघ

संवाददाता

**रांची :** पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ झारखण्ड में दिव्यांग खिलाड़ियों को अंधकार में रखा जा रहा है झारखण्ड दिव्यांग आंदोलन संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश कहते है कि चुनाव प्रक्रिया में चुनाव नियमों को ताक में रखकर चुनावी प्रक्रिया कर स्वघोषित अध्यक्ष,सचिव चुन लिया गया पूरे राज्य भर के किसी भी दिव्यांग खिलाड़ियों नहीं बुलाया गया सिर्फ वही खिलाड़ी को बुलाया गया जो एक पक्षीय समर्थन में थे हालांकि आयोजन में हंगाम भी जे डी एस ए के अध्यक्ष ओम प्रकाश के द्वारा किया गया था लेकिन आवाज को दबाने का प्रयास बहुत जोर से किया गया हमलोग दबने वाले में से नहीं है इसकी जोरदार विरोध जारी है जहां चुनाव हो रहा था वहां पर न तो कोई खेल विभाग के अधिकारी मौजूद थे न वर्तमान अध्यक्ष को बुलाया गया था ऐसे में तो यह प्रतित होता है कि बिल्कुल अपने जेब भरने के लिए एक पक्षीय चुनाव करवाया गया है इस चुनाव को रद्द कर पुनः खेल विभाग के अधिकारियों के समक्ष निष्पक्ष चुनाव होनी चाहिए। इस चुनाव से राज्य भर के खिलाड़ियों में आक्रोश है।

**क्या कहते है वर्तमान अध्यक्ष :** के.अग्रवाल कहते है कि चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है चूंकि चुनाव खेल विभाग के अधिकारीयो एवं राज्य भर के खिलाड़ियों के मौजदूगी में चुनाव प्रक्रिया होनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हुआ है गलत तरीके से हुए चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव करवाया जाए।₹

**क्या कहते है खेल विभाग के सचिव :** खेल विभाग का कहना है कि जब कमेटी भंग हुई होगी तो उसकी सूचना खेल विभाग को देनी थी उसके बाद ही चुनावी प्रक्रिया करना उचित होती हालांकि कोई लिखित शिकायत नहीं आई है आने पर विधि सम्मत करवाई की जाएगी।

**क्या कहते है दिव्यांग खिलाड़ी :** प्रेम कुमार जो कि कई बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुके हैं इनका कहना है हमे कोई सूचना ही नहीं दी गई कि चुनाव हो रही है अचानक पता चला कि सब कुछ बदल सा गया है गलत तरीके से हुए चुनाव को रद्द किया जाए।

बहुत सारे ऐसे खिलाड़ी है जो नाम न छापने के शर्त पर कहा यह चुनाव से हमलोग बिल्कुल निराश इस तरह के चुनाव को रद्द कर पुनः राज्य भर के खिलाड़ियों के मौजदूगी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न की जाए।

दिव्यांग खिलाड़ियों ने कहा खास कर स्वघोषित सचिव बने कुमार गौरव के खिलाफ सभी खिलाड़ियों में आक्रोश है वे किसी से भी ठीक से बात नहीं करते है सिर्फ अपनी गंदे शब्दों का करते है प्रयोग हमलोग इस तरह के सचिव नहीं चाहते है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना–38 / 2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 01.07.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 02.07.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.07.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Installation and Commissioning of Fire Alarm, Fire Detection and Installation of Portable Fire Extinguisher in Labour Commissioner Building, Doranda Ranchi | 3316900 | 66400 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 355853 (Building)25-26*D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## रेअर अर्थ पर आत्मनिर्भरता जरूरी

आज रेयर अर्थ पर चीन का दबदबा वैश्विक चुनौती है। भारत सहित कई देशों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली बार मोदी सरकार ने रेयर अर्थ पर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए हैं। यह आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए जरूरी भी है। भारत और अमेरिका सहित अनेक देश इस कवायद में लगे हुए हैं। रेअर अर्थ धरती के गर्भ में पाए जाने वाले दुर्लभ खनिज हैं। इनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं। रेअर अर्थ की श्रेणी में आने वाले दुर्लभ खनिज केवल वाणिज्यिक,औद्योगिक संसाधन मात्र नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और भविष्य की औद्योगिक,आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। इनमें भी रेअर अर्थ मैग्नेट खासा महत्वपूर्ण है। रेअर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है। इसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, राडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए दुर्लभ खनिज ही चाहिए। इसके अलावा रिन्यूवल एनर्जी, विंड टर्बाइन और सोलर पैनल, सुपर कंडक्टर, हाइ प्लग्स, मैग्रेट, इलेक्ट्रिक पॉलिसिंग, ऑयल, रिफाइनरी में केटिलिस्ट, हाइब्रिड कलर कंपोनेंट एवं बैटरी, लैजर, एयरोस्पेस के लिए भी ये ह्यअनिवार्य तत्वह्ण हैं। रेअर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए जरूरी है। यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नए ग्लोबल मैप के मुताबिक यूं तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। चीन के बाद अफ्रीका,मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में प्रचुर मात्रा में जस्ता, लिथियम और कोबाल्ट के भंडार हैं, जो रिन्यूवल एनर्जी के लिए सबसे ज्यादा जरूरी हैं। वहीं चिली और ब्राजील में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक लिथियम भंडार हैं तो यूक्रेन में टाइटेनियम और लिथियम और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं। दिक्कत यह है कि इन देशों में इसकी खुदाई और प्रोसेसिंग बहुत महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सब में चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुलर्भ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है और पूरी दुनिया में 90 फीसदी वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना बेहद जटिल है। इसीलिए इन्हें रेअर माना जाता है। रेअर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेअर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं। भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते। भारत के पास तो विश्व में पांचवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है-करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन। दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसदी है। इनमें केरल में थोरियम सैंड के अलावा आंध्र प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान में भी इसके भंडार हैं। लेकिन दुनिया भर की आपूर्ति का भारत में महज एक प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादित होता है। इन खनिजों की तलाश, खदान का काम अब तक मोटे तौर पर सरकार के जिम्मे रहा है। ब्यूरो आफ माइंस और परमाणु ऊर्जा विभाग यह काम करते रहे हैं। खनन और शोधन का काम इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड के पास रहा है लेकिन यह विडंबना है कि भारत अभी ऐसी तकनीक, मैकेनिज्म नहीं खड़ा कर पाया है जो इन खनिजों से मैग्नेट बनाकर खुद की जरूरतें पूरी कर सके। भारत में जितने भी दुर्लभ अर्थ मैग्नेट उपयोग में आते हैं, वे अधिकतर चीन से आयात किए जाते हैं। वर्ष 2023-24 में भारत ने 2270 टन और पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 53,748 मीट्रिक टन मैग्नेट आयात किए। इनका करीब अस्सी फीसदी चीन से ही आयात हुआ। इस हालात को देखते हुए भारत ने अपने दुर्लभ खनिजों को रणनीतिक संपत्ति की तरह देखना शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के चलते भारत ने पिछले 13 वर्षों से जापान के साथ चल रहे समझौते को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके तहत इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड द्वारा खनन किए गए दुर्लभ खनिज, विशेषकर नियोडिमियम जापान भेजे जाते थे, लेकिन भारत ने तय किया है कि वह अपने घरेलू उद्योगों की जरूरतों को प्राथमिकता देगा और चीन पर निर्भरता कम करेगा। इसी उद्देश्य के साथ इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड ने सरकार से घरेलू स्तर पर प्रसंस्करण और रिफाइनिंग की क्षमता विकसित करने के लिए चार नए खदानों की मंजूरी मांगी है। इसी रणनीति के तहत ओडिशा में एक एक्सट्रैक्शन प्लांट और केरल में एक रिफाइनिंग यूनिट भी स्थापित की गई है। राजस्थान के जोधपुर संभाग के बालोतरा क्षेत्र की सिवाना और आसपास की पहाड़ियों में इन दुर्लभ खनिजों की मौजूदगी पर केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की आधिकारिक पुष्टि के बाद जोधपुर में रेअर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर बनाने का प्रस्ताव भी सरकार के पास है। बालोतरा में 1 लाख 11 हजार 845 टन दुर्लभ मृदा तत्व ऑक्साइड मिलने की संभावना है। भारत का लक्ष्य है कि 2026 तक वह 450 मीट्रिक टन नियोडिमियम का उत्पादन करे और 2030 तक इसे दोगुना कर दे। भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए यह अब अनिवार्य हो गया है कि दुर्लभ तत्वों की तकनीक में अपने धुर प्रतिद्वंद्वी देश पर निर्भरता को घटाते हुए आत्मनिर्भरता के प्रयास किए जाएं।

# आम आदमी पार्टी के वजूद पर सवाल

**‘ हम और हमारी पार्टी सत्ता के लिए बने हैं। पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी छोटी है। हम तो भाजपा नेता डॉ. हर्षवर्धन को अपने साथ लाकर मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाना चाहते हैं, वे इसके लिए तैयार नहीं हैं (वैसे डॉ. हर्षवर्धन ने इसे पूरी तरह से निराधार बताया)। इस बातचीत के बाद सिसोदिया से अलग मिलने का मौका न मिला लेकिन बाद के घटनाक्रम ने एक बात तो साबित कर दी कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के बिना नहीं रह सकते हैं। ’**

**मनोज कुमार मिश्र**

14 फरवरी,2014 को 49 दिन की सरकार जाने के कुछ ही दिनों बाद आम आदमी पार्टी (आआपा) के अरविंद केजरीवाल के बाद दूसरे नंबर के नेता मनीष सिसोदिया ने अपने मयूर विहार, फेज- दो के घर पर मुझे मिलने के लिए बुलाया। करीब घंटे भर उनसे विभिन्न विषयों पर बात होती रही। उनकी पूरी बातचीत का निचोड़ यह था कि हम और हमारी पार्टी सत्ता के लिए बने हैं। पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी छोटी है। हम तो भाजपा नेता डॉ. हर्षवर्धन को अपने साथ लाकर मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाना चाहते हैं, वे इसके लिए तैयार नहीं हैं (वैसे डॉ. हर्षवर्धन ने इसे पूरी तरह से निराधार बताया)। इस बातचीत के बाद सिसोदिया से अलग मिलने का मौका न मिला लेकिन बाद के घटनाक्रम ने एक बात तो साबित कर दी कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के बिना नहीं रह सकते हैं और उनकी महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। भाजपा और कांग्रेस विरोधी अनेक बुद्धिजीवियों के प्रभाव में आकर केजरीवाल ने 2014 में देश भर में लोकसभा चुनाव लड़ना तय किया। भारी पराजय के बाद अपने लोगों के गुस्सा से बचने के लिए जमानत तुड़वाकर जेल गए। 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी सफलता के बावजूद रामलीला मैदान में दूसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली की जनता से जनादेश उनकी सेवा करने के लिए मिला है, वे दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। तब से लेकर अब तक उनके बयान और दावों में कितनी बार और क्यों बदलाव हुआ, यह लंबा किस्सा है। हर रोज मीडिया की सुर्खियों में रहने वाले अरविंद केजरीवाल दिल्ली में सत्ता से बाहर होने और खुद चुनाव हारने के बाद गाहे-बगाहे दिल्ली में सार्वजनिक रूप से दिख जा रहे हैं।

कहा जा रहा है कि वे राज्यसभा के सदस्य बनने के जुगाड़ में हैं। लेकिन उनके घर बैठने से दिल्ली विधानसभा चुनाव के कुछ ही महीनों में आआपा के वजूद पर ही सवाल उठने लगे हैं। जो हालात बनते जा रहे हैं उसमें केजरीवाल की तुलना विदेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन चलाकर सीधे छात्र आंदोलन से असम गण परिषद राजनीतिक दल बनाकर विधानसभा चुनाव जीतकर 1985 में असम के मुख्यमंत्री बने प्रफुल्ल कुमार महंत से की जाने लगी है। आज की तारीख में महंत की असम की राजनीति में कोई चर्चा तक नहीं होती है। 2011 के दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी अण्णा हजारे के आंदोलन में शामिल अनेक नेताओं ने हजारे के मना करने के बावजूद 26 अक्टूबर, 2012 को आम आदमी पार्टी के नाम से राजनीतिक दल बनाकर 2013 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ना तय किया। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में 2013 का विधानसभा चुनाव लड़ा गया। पहले ही चुनाव में बिजली-पानी फ्री का मुद्दा कारगर हुआ। आआपा को 70 सदस्यों वाली विधानसभा में करीब 30 फीसद वोट और 28 सीटें मिली। भाजपा ने करीब 34 फीसद वोट के साथ 32 सीटें जीती और दिल्ली में 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट के साथ महज आठ सीटें मिली। भाजपा के मना करने पर आआपा ने कांग्रेस से बिना मांगे समर्थन से सरकार बनाई। नियम का पालन किए बिना लोकपाल विधेयक विधानसभा में पेश करने से रोके जाने के खिलाफ 49 दिन पुरानी सरकार ने इस्तीफा दिया। दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा। 2014 के लोकसभा चुनाव में आआपा ने देश भर में चुनाव लड़ना तय किया। खुद केजरीवाल भाजपा के प्रधानमंत्री के घोषित उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बनारस चुनाव लड़ने पहुंच गए। वे तो बुरी तरह से हारे ही आआपा के ज्यादातर प्रमुख नेता लोकसभा चुनाव लड़े और पराजित हुए। केवल पंजाब में चार सीट आआपा जीत पाई। बाद में उसमें से दो सांसद आआपा से अलग हो गए और 2019 के लोकसभा चुनाव में केवल अभी के मुख्यमंत्री भगवंत मान चुनाव जीते। 2024 में उसे केवल पंजाब में ही तीन सीटें मिली। 2014 के चुनाव में केजरीवाल ने बड़ा सपना देखा था, वे परिणाम से इतने आहत हुए थे कि कार्यकताओं का गुस्सा शांत करने के लिए जबरन जमानत तुड़वाकर जेल गए। इतना ही नहीं एक-एक करके पार्टी के दिग्गजों-पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण, वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण, योगेन्द्र यादव, प्रो. आनंद कुमार इत्यादि को पार्टी से बाहर किया। बाद में कुमार विश्वास समेत अनेक दिग्गज नेता बाहर हुए। कहा गया कि आआपा में वही रह सकता है जो केजरीवाल के किसी फैसले पर सवाल न उठाए। बावजूद इसके आआपा को कई बड़ी सफलता मिल गई। कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वादे ने आप को 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले। 117 सीटों की विधानसभा में कांग्रेस को 77 सीटें और आआपा को 20 सीटें मिली। इस बार आआपा ने शानदार जीत दर्ज की। उसे न केवल 92 सीटें मिली और उसकी दिल्ली से बाहर सरकार बनी। गुजरात और गोवा में चुनाव लड़कर आआपा अखिल भारतीय पार्टी बन गई। सत्ता ने उन्हें आम आदमी से खास आदमी बना दिया। नेता अरविंद केजरीवाल अपने पुराने वादे ही नहीं भूले, आम नेताओं से आगे निकलकर सरकारी कोठी को भव्य कोठी (विपक्षी दल शीशमहल कहते हैं) बनाकर रहने लगे। दिल्ली सचिवालय के अपने आधुनिक कार्यालय में भी उन्होंने करोड़ों रुपये खर्च करके काफी बदलाव कर उसे भी आलीशान बनवाया। उन्होंने जंतर-मंतर, रामलीला मैदान में लोगों के बीच जाना छोड़ ही दिया था। सुरक्षा के भारी ताम-झाम से उनकी लोगों से दूरी बढ़ी और जिस वीआईपी कल्चर का विरोध करके राजनीति में आए उसी कल्चर के प्रतीक बन गए। कट्टर ईमानदार राजनीति का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी के शराब घोटाले आदि भ्रष्टाचार में फंसने के बाद उन्हें उस जंतर-मंतर की याद आई, जहां से उन्होंने अपने राजनीतिक गुरु अण्णा हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया था। शराब घोटाले में कई बड़े नेताओं के जेल जाने के बाद खुद केजरावाल जेल गए।उन्होंने जेल से सरकार चलाने का अनोखा रिकार्ड बनाया। विधानसभा चुनाव से कुछ ही दिन नया राजनीतिक दांव चलते हुए धुर वामपंथी माता-पिता की संतान आतिशी को पहले मुख्यमंत्री और विधानसभा चुनाव हारने के बाद विपक्ष का नेता बना दिया। भाजपा और कांग्रेस आदि दल आआपा पर शहरी नक्सली होने का आरोप लगाते रहे हैं। आआपा से बागी हो गई राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने आतिशी के मुख्यमंत्री बनाने पर उनके अभिभावकों और खुद आतिशी के धुर वामपंथी होने का सवाल उठाया। 2025 के विधानसभा चुनाव में एक यह भी मुद्दा बना। 2024 का लोकसभा चुनाव और 2015 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने अपने को प्रताड़ित करने का मुद्दा बनाने की असफल कोशिश की। 70 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ 27 साल बाद सत्ता में लौटी। आआपा को 22 सीटें मिली। मतों का अंतर महज दो फीसद का था। पहली बार आआपा 2022 के दिल्ली नगर निगम चुनाव जीती थी। उसे 250 में से134 सीटें मिली थी। भाजपा को 104 सीटें मिली थी। केन्द्र में भाजपा की सरकार होने का लाभ उसे मिलता रहा।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# आपातकाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**‘ भारत के सभी विपक्षी दलों के नेताओं की गिरफ्तारियाँ 25 और 26 जून की मध्य रात्रि से आरंभ हो गई थीं। आपातकाल में पुलिस और प्रशासन का सर्वाधिक दबाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर था। पूरे देश में संघ कार्यालयों पर छापे पड़े और प्रचारकों के घरों तक की तलाशी ली गई। सरसंघचालक बालासाहब देवरस की गिरफ्तारी 30 जून को हुई। वे प्रवास पर जाने के लिये निकले थे। उन्हें नागपुर स्टेशन से गिरफ्तार किया गया । संघ को देश में प्रशासनिक स्तर पर किसी भी अप्रत्याशित निर्णय का अनुमान था। इसका स्पष्ट संकेत तीन माह पहले दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मिल गया था। 15 और 16 मार्च 1975 को दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चर्चा का विषय ही संविधान में आपातकाल और लोकतंत्र विषय था। ’**

**रमेश शर्मा**

आपातकाल में सबसे अधिक दबाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर था। संघ पर प्रतिबंध लगा। सभी प्रमुख प्रचारक और दायित्ववान अधिकारी या तो गिरफ्तार हुये अथवा भूमिगत रहकर समाज जागरण के अभियान में सक्रिय रहे। आपातकाल के इक्कीस महीनों में 1.30 लाख से अधिक लोग जेल में रहे, उनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता एक लाख से अधिक थे।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपनी सत्ता बनाये रखने के लिये 25 जून 1975 को लागू आपातकाल किया था जो 21 मार्च 1977 तक रहा। इन पौने दो वर्षों तक भारत का प्रत्येक नागरिक अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहा। सर्वोच्च न्यायालय को भी इस संबंधी किसी विषय पर विचार करने से रोक दिया गया था। भारत के सभी विपक्षी दलों के नेताओं की गिरफ्तारियाँ 25 और 26 जून की मध्य रात्रि से आरंभ हो गई थीं। आपातकाल में पुलिस और प्रशासन का सर्वाधिक दबाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर था। पूरे देश में संघ कार्यालयों पर छापे पड़े और प्रचारकों के घरों तक की तलाशी ली गई। सरसंघचालक बालासाहब देवरस की गिरफ्तारी 30 जून को हुई। वे प्रवास पर जाने के लिये निकले थे। उन्हें नागपुर स्टेशन से गिरफ्तार किया गया । संघ को देश में प्रशासनिक स्तर पर किसी भी अप्रत्याशित निर्णय का अनुमान था। इसका स्पष्ट संकेत तीन माह पहले दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मिल गया था। 15 और 16 मार्च 1975 को दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चर्चा का विषय ही संविधान में आपातकाल और लोकतंत्र विषय था। इस चर्चा में उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री कोका सुब्बाराव भी एक वक्ता थे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि- ह्यऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है जब राष्ट्रपति और मंत्रिमंडल संवैधानिक लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए एकजुट हों।ह्ण (इस कार्यक्रम का उल्लेख पीजी सहस्त्रबुद्धे और माणिकचंद्र वाजपेई द्वारा लिखित पुस्तक ₹इमरजेंसी स्ट्रगल स्टोरी₹ में है) समय के साथ 12 जून को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का निर्णय आ गया। लगभग सभी विचारक इंदिरा के स्वभाव और कार्यशैली से परिचित थे। इसीलिए संघ ने अपनी वैकल्पिक नीति तैयार कर ली थी। सरसंघचालक जी को अपनी गिरफ्तारी का अनुमान था। उन्होने पहले ही संघ संचालन की भावी रूपरेखा का निर्धारण कर दिया था। इस विषम परिस्थिति में उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से धैर्य से काम करने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि- ₹इस स्थिति असाधारण है, इसमें स्वयंसेवकों का कर्तव्य है कि वे अपना संतुलन न खोएं। उन्होंने संभवतः सरकार्यवाह माधवराव जी मुले को वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का संकेत कर दिया था। इसीलिए संघ पर प्रतिबंध और संघ के अधिकारियों की देश व्यापी गिरफ्तारी होने केबाद भले नियमित शाखा या शिक्षण प्रशिक्षण या प्रबोधन रुक गया हो लेकिन संघ का जनसंपर्क, जन जागरूकता का काम निरन्तर रहा। सरसंघचालक जी की गिरफ्तारी हुई और 4 जुलाई 1975 को संघ पर प्रतिबंध लगा। संघ पर प्रतिबन्ध लगाने का सबसे बड़ा कारण स्वयंसेवकों की ध्येयनिष्ट कार्यशैली है। स्वयंसेवक सीधे जन सामान्य से जुड़े रहते हैं। मंहगाई विरोधी जेपी आंदोलन में संघ शक्ति की भूमिका से भी इंदिरा का प्रशासन अवगत था। इसलिए आपातकाल लागू होने के पहले चरण में सभी विपक्षी राजनीतिक दलों के कार्यालयों और प्रमुख नेताओं के घर पुलिस के छापे पड़े और दूसरे चरण में पुलिस ने देशभर में संघ कार्यालयों और कार्यकताओं के घरों पर टूट पड़ी। जो जहां जैसा मिला, उसे पकड़कर जेल में डाल दिया गया। संघ पर प्रतिबंध और लगातार गिरफ्तारियों के बाद भी संघ कार्यकर्त्ता बहुत धैर्य और योजना से काम करते रहे। योजना पूर्वक प्रतिदिन किसी न किसी नगर में कुछ न कुछ घटता। कभी परचे फेककर गिरफ्तारी दी जाती और कभी नारे लगाकर। एक टोली जेल जाती तो वह दूसरी टोली को तैयार करके जाती। जिस प्रकार सरसंघचालक जी ने अपनी गिरफ्तारी के पूर्व संघ संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था बना दी थी उसी प्रकार नानाजी देशमुख ने लोक संघर्ष समिति की वैकल्पिक व्यवस्था बना दी थी। लोक नायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चलने वाले मंहगाई विरोधी आंदोलन की पूरी व्यवस्था यही समिति कर रही थी। नानाजी देशमुख ने अपनी गिरफ्तारी होने से पूर्व इस समिति की व्यवस्था सुन्दर सिंह भंडारी को सौंप दी थी। इसलिए नानाजी की गिरफ्तारी के बाद भी इस समिति का कार्य भी निरन्तर रहा। यह समिति भी आपातकाल विरोधी अभियान निरन्तर चलाती रही।

प्रतिबंध और देशव्यापी गिरफ्तारियों के बाद भी संघ के स्वयंसेवकों के मनोबल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उन्होंने इसे चुनौती के रूप में लिया। संघ के अनेक स्वयंसेवकों ने अपने घरों पर साइक्लोस्टाइल मशीन का प्रबंध कर लिया। वे स्वयं पंपलेट तैयार करते और हॉट बाजार में छोड़ देते। कयी बार आपातकाल विरोधी साइक्लोस्टाइल सामग्री रद्दी के कागजों में दुकानदारों को बेच देते ताकि उनमें बँधा हुआ सामान लोगों के घरों पर पहुँचे। और लोग पढ़ सकें। कितने ही स्वयं सेवक रात के अंधेरे में दीवारों पर कोयले से लिख जाते और सबेरे पुलिस अथवा नगर निगम कर्मचारी उन्हें पानी से मिटाते हुये देखे जाते। पूरे आपातकाल यही क्रम चला। समय अपनी गति से चला। अंततः 20 जनवरी 1977 को इंदिराजी ने घोषणा की और आपातकाल में गिरफ्तार राजनीतिक बंदियों की रिहाई का क्रम चला और 21 मार्च 1977 को आपातकाल की पूरी तरह विदाई हुई। देश को आपातकाल से मुक्त करने के लिये इंदिरा की अपनी रणनीति हो सकती है। लेकिन पूरे इक्कीस महीने जन जागरण अभियान निरंतर रखने का काम केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने किया। आपातकाल हटने और सत्ता परिवर्तन के बाद भी संघ ने इसका कोई श्रेय कभी नहीं लिया। संघ की कार्यशैली में श्रेय लेने का स्वभाव है भी नहीं। वे कोई कार्य श्रेय अथवा किसी लाभ केलिये नहीं करते उनका उद्देश्य राष्ट्र का परम वैभव है। वे इसी के लिये समर्पित हैं। उस कालखंड में भारत का जन मानस मंहगाई से परेशान था। इसलिये स्वयंसेवकों ने मंहगाई विरोधी आंदोलन की व्यवस्था संभाली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद आपातकाल और नागरिकों के संवैधानिक अधिकार निलंबित करना मानवता के साथ अन्याय था। इसलिए संघ से जुड़े कार्यकर्ता पूरे आपातकाल में सक्रिय रहे। संघ के अनेक प्रचारक पूरे आपातकाल भूमिगत रहे। भूमिगत रहकर उन्होंने उन परिवारों की देखभाल की जिन परिवारों के मुखिया जेल में डाल दिये गए थे। संघ की कार्यनिष्ठा और राष्ट्र का भाव का जन सामान्य में सदैव सम्मान रहा है। इसका लाभ आपातकाल में मिला। जन सामान्य के सहयोग से वे सभी परिवार सुरक्षित रहे जिनके मुखिया अथवा एक मात्र संचालक को किसी न किसी बहाने जेल में डाल दिया गया था। आपातकाल के बाद राजनीति अपनी राह और संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा की अपनी राह पर चले ।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# आषाढ़ सोम प्रदोष व्रत से होती हैं सभी मनोकामनाएं पूरी

आज आषाढ़ सोम प्रदोष व्रत है, यह आषाढ़ सोम प्रदोष व्रत भगवान शिव को समर्पित है। जो हर महीने की त्रयोदशी को मनाया जाता है। जून महीने का प्रदोष व्रत भगवान शिव को समर्पित है। जो व्यक्ति इस व्रत को रखता है उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं तो आइए हम आपको आषाढ़ सोम प्रदोष व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। आषाढ़ में पड़ने वाले प्रदोष व्रत का विशेष महत्व होता है। इस व्रत में प्रदोष काल में पूजा का विशेष महत्व होता है। हर महीने की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। पंडितों के अनुसार इस दिन प्रदोष काल में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। व्रत करने से संतान की प्राप्ति होती है और यह व्रत सभी के लिए लाभकारी होता है। इस दिन शिव-पार्वती की सायं कालीन पूजा और जागरण करने का विधान है। पंचांग के अनुसार सोम प्रदोष व्रत आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष यानी का 23 जून को रखा जाएगा। इस बार आषाढ़ प्रदोष व्रत करने से व्रती को दोगुना लाभ मिलेगा। पंचांग के अनुसार इस बार 23 जून का सोम प्रदोष व्रत किया जाएगा। सोमवार होने के कारण इसे सोम प्रदोष व्रत कहा जाएगा। 22 जून को मध्य रात्रि 1 बजकर 22 मिनट पर त्रयोदशी तिथि का आरंभ होगा और 23 जून को रात में 10 बजकर 9 मिनट तक त्रयोदशी तिथि रहेगी। प्रदोष काल में त्रयोदशी तिथि 23 जून को होने का कारण सोम प्रदोष व्रत 23 जून को किया जाएगा। इस बार व्रत करने वालों को दोगुना लाभ मिलने वाला है। इस बार प्रदोष व्रत का साथ मास शिवरात्रि व्रत का भी संयोग बना हुआ है। शास्त्रों के अनुसार प्रदोष व्रत में भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस व्रत में प्रदोष काल में पूजा करने का विशेष महत्व है। प्रदोष काल में भगवान शिव कैलाश पर्वत पर रहते हैं और वहीं वह नृत्य करते हैं। साथ ही इस समय सभी देवी देवता भगवान शिव की उपासना करते हैं। इस समय जो भी व्यक्ति सच्चे दिल से भगवान शिव की उपासना करते हैं तो उनकी सारी इच्छा पूरी होती है। प्रदोष व्रत में भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। पंडितों के अनुसार इस दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान करें इसके बाद सूर्य देव को जल अर्पित करें। इसके बाद भगवान शिव का ध्यान करें और घी का दीपक जलाकर व्रत का संकल्प लें। इसके बाद शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा अर्चना करें और शिवलिंग का अभिषेक करें। इसके बाद शाम के समय प्रदोष काल में शिवालय जाए और वहां शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग, शमी, चंदन, अक्षत मिठाई आदि चीजें अर्पित करें। इसके बाद भगवान शिव के मंत्र श्री शिवाय नमस्तुभ्यं मंत्र का जप करें। इसके अलावा प्रदोष व्रत कथा का पाठ करें और शिव चालीसा का पाठ करें। फिर महिलाएं मां पार्वती का श्रृंगार करें। अंत में भगवान शिव और माता पार्वती की आरती करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# जनसंपर्क विभाग का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है : उपायुक्त

संवाददाता

दुमका : समाहरणालय सभागार में जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय के कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जनसंपर्क विभाग का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विभाग शासन की नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने का माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनसंपर्क विभाग नियमित रूप से प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी करे, सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों तक सूचनाएँ पहुँचाई जाएँ और विभागीय कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिले में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की सफलता में जनसंपर्क विभाग की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे अधिक से अधिक लाभुक योजना का लाभ ले सकें।

बैठक में उन्होंने विभिन्न मदो में प्राप्त आवंटन के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निदेश दिया।उन्होंने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला 2025 से संबंधित सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कर ली जाय।

इसके उपरांत उन्होंने जिले के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के साथ बैठक की एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने को कहा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आज का सशक्त माध्यम है, जिसके जरिये कम समय में अधिक लोगों तक जानकारी पहुँचा कर जन-जागरूकता लाई जा सकती है।

उन्होंने आग्रह किया कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अपनी रिच और प्रभाव का उपयोग सकारात्मक उद्देश्यों के लिए करें और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कृषि सहायता आदि की जानकारी आम जनता तक सरल भाषा और रचनात्मक तरीके से पहुँचाएँ। उपायुक्त ने यह भी सुझाव दिया कि वीडियो, पोस्टर, रील्स एवं इंटरव्यू जैसे माध्यमों से लोगों को योजनाओं के लाभ,पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें और योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में उप निदेशक जनसंपर्क सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया एंड पब्लिसिटी ऑफिसर,जनसंपर्क कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

## पंडा समाज के सदस्यों ने की उपायुक्त से मुलाकात



देवघर : जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा से मंगलवार को तीर्थपुरोहित व पंडा समाज के सदस्यों ने मुलाकात कर राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के अलावा बाबा मंदिर की व्यवस्था और शीघ्र दर्शनम कूपन को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा के संबंध में विमर्श किया, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था प्रदान की का सके। मौके पर मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

दुमका : वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उपायुक्त ने अवैध पत्थर, बालू, कोयला खनन की रोकथाम के लिए पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्योरा लिया। डीसी ने खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिया। कहा कि अवैध खनन रोकने की दिशा में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी से समन्वय बनाकर संबंधित विभाग कड़ा रूख अख्तियार करें। खनन कार्यों में एनजीटी का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। बालू उठाव केवल स्टॉक यार्ड से ही हो यह सुनिश्चित कर लें। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचल के अंचल अधिकारी,पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने डिफॉल्टरों के विरूद्ध बैंक ऋण चुकाने को लेकर किया निर्देश जारी



संवाददाता

साहिबगंज/बोरियोःअंचल क्षेत्र के सभी ग्रामीण पुलिस चौकीदारों को मंगलवार के दिन अंचलाधिकारी के द्वारा कई तरह के निर्देश जारी किया गया।विगत कई वर्षों से बैंक ऋण लेने वाले डिफॉल्टरों को नीलाम पत्र तामिला करने हेतु चौकीदारों को अपने बीट क्षेत्र में कार्यशील होने को लेकर कहा गया।बता दें कि बोरियो अंचल क्षेत्र के कूल 90 वैसे डिफॉल्टर हैं। जिन्होंने बैंक ऋण नहीं चुकाया है।जिसे लेकर बैंक ने नीलाम पत्र पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को सुनवाई हेतु आवेदन किया था।इस आलोक में उपायुक्त हेमन्त सती ने 24 अप्रैल को सभी डिफॉल्टरों के विरूद्ध बैंक ऋण चुकाने को लेकर निर्देश जारी किया था।जिसके बाद बोरियो अंचल न्यायालय अंतर्गत नीलाम पत्र पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नागेश्वर साव ने सभी डिफॉल्टरों के विरूद्ध नोटिस जारी किया था।ये नोटिस ग्रामीण पुलिस के द्वारा तामिला करवाया जाना था,लेकिन ग्रामीण पुलिसों द्वारा नोटिस तामिला के कार्य को ठीक तरीके से नहीं किया जा रहा था।जिसके बाद सभी ग्रामीण पुलिस को अंचलाधिकारी ने बुलाकर निर्देश जारी किया है,साथ ही अपने बीट क्षेत्र में ठीक तरीके से सभी कार्यों और चौकसी बरतने का निर्देश दिया है।नीलाम पत्र वाद की पूरी प्रक्रिया में अंचल बड़ा बाबू प्रभु दयाल मंडल,अंचल लिपिक जितेंद्र शर्मा,कर्मवीर यादव व नंदन कुमार प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं।

**उपायुक्त हेमंत सती ने अत्याधुनिक राहत उपकरणों का किया निरीक्षण**

## गंगा नदी जनित आपदा से निपटने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क

संवाददाता



साहिबगंजः जिला में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदाओं को ध्यान में रखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी से तैयार है। इसी क्रम में आज जिला प्रशासन के द्वारा क्रय किए गए अत्याधुनिक राहत एवं बचाव उपकरणों का गहन निरीक्षण एवं अवलोकन उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा किया गया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी उपकरणों की कार्यक्षमता, उपयोगिता एवं संचालन प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन उपकरणों को जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से उपयोग में लाने हेतु बचाव दल को प्रशिक्षित किया जाए, ताकि आपदा की स्थिति में तत्काल राहत प्रदान की जा सके।निरीक्षण किए गए उपकरणों में निम्नलिखित मुख्य सामग्रियाँ शामिल थीं रेस्क्यू बोट फ्लेमलेस कुकिंग सिस्टम बिना आग के खाना पकाने की तकनीक, कैंपिंग टेंट आपदा प्रभावितों के लिए त्वरित आश्रय पोर्टेबल सोलर पावर स्टेशन विद्युत संकट में ऊर्जा का वैकल्पिक स्त्रोत लाइफ जैकेट, लाइफबॉय, थ्रो बैग झ जल आपदा से बचाव के आधुनिक उपकरणओअर्स, रोलॉक्स, पैडल नाव संचालन हेतुडीसीपी अग्निशमन यंत्र आगजनी की स्थिति में तत्काल उपयोग,टूल किट, कुल्हाड़ी, कैट हुक, चेन आरा मशीन मार्ग अवरोध हटाने हेतु रेडियो वॉकी सेट संचार सुविधा बनाए रखने के लिए पोंचो, गम बूट, सेफ्टी ग्लव्स, सुरक्षा हेलमेट झ राहत दल की सुरक्षा हेतु कंबल, पार्क पिकेट, हेड टॉर्च, इमरजेंसी लाइट, कम्पास, नेविगेशन लाइट, जीपीएस सेट राहत, बचाव व दिशा-निर्देशन में सहायक उपकरणइसके अलावा अन्य आपातकालीन सामग्रियाँ भी पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित रखी गई हैं।जिनका उपयोग किसी भी संकट की घड़ी में किया जा सकेगा। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सती ने कहा कि आपदा प्रबंधन सिर्फ एक विभागीय कार्य नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा से जुड़ी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन हर संभावित स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।निरीक्षण कार्यक्रम में आपदा तकनीकी विशेषज्ञ व अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## तीन वर्ष तक कांग्रेस का सक्रिय सदस्य हो वही इस चुनाव में नामांकन कर सकता है

संवाददाता



**साहिबगंज :** 27 जून से इंडियन यूथ कांग्रेस में ब्लॉक समिति,विधानसभा समिति जिला समिति व राज्य समिति चुनाव का नामांकन शुरू होगा।उक्त बाते इंडियन यूथ कांग्रेस चुनाव पर्यवेक्षक उदय कुशवाहा ने बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता में कही।उन्होंने कहा कि 27 जून से तीन जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन होगा।आप्ति 27 जून से 4 जुलाई तक ओर नामांकन को अंतिम रूप देने का कार्य 9 जुलाई तक होगा।वही उम्मीदवार का आयु सीमा 28 जून 1990 से 27 जून 2007 को 18 वर्ष से 35 वर्ष तक होना चाहिए।उम्मीदवार कम से कम तीन वर्ष तक कांग्रेस का सक्रिय सदस्य हो वही इस चुनाव में नामांकन कर सकता है।चुनाव का पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है जो विथ आईवाईसी ऐप के जरिए ऑनलाइन होगा।उम्मीदवारों को 50 रुपए का सदस्यता शुल्क कटाकर सदस्य बनना होगा।वही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के लिए नामांकन राशि जमा करके अपना नामांकन कर सकेंगे।इसके लिए ब्लॉक समिति के लिए 150 रुपया, एससी एसटी महिला व बीपीएल परिवार को 100 रुपया नामांकन शुल्क देना है।विधानसभा समिति के लिए 500 रुपया ओर एससी एसटी,महिला व बीपीएल परिवार को 250 रुपया,जिला समिति पद के लिए तीन हजार ओर एससी एसटी,महिला व बीपीएल परिवार को 1500 रुपया,राज्य समिति में नामांकन के लिए 7500 रुपया ओर एससी एसटी,महिला व बीपीएल परिवार को 4000 रुपया का भुगतान कर-के नामांकन कर सकते है।वही सबसे ज्यादा वोट आने वाले उम्मीदवार अध्यक्ष होंगे।वोट प्रतिशत के आधार पर कांग्रेस यूथ पद मिलेगा।नामांकन से लेकर वोटिंग प्रक्रिया सभी ऑनलाइन होगा।उन्होंने बताया कि हमारे युवा नेता राहुल गांधी का कहना है। कि पार्टी के सक्रिय युवा नेता को हम सब चुनकर लाए और कांग्रेस का हाथ मजबूत करे। सभी के मतदान से ही यूथ का अध्यक्ष सहित अन्य पद के सदस्य का चयन होगा।

## आप लोगों की सेवा में हमेश तत्पर रहेंगे : विधायक

संवाददाता



साहिबगंजःबोरियो विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण झामुमो नगर अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव के नेतृत्व मे बोरियो विधायक धनंजय सोरेन से मिल कर क्षेत्र मे हो रहे पानी की समस्या को बताया। झामुमो नगर अध्यक्ष जिसमें बोरियो विधायक धनंजय सोरेन को समस्या के बारे में बताते हुए ।नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से बातचीत के दौरान पता चला कि समलापुर सकरोगढ़,कबूतर खोपी जिरवाबाड़ी क्षेत्र में पानी की घोर समस्या है।वही ग्रामीणों की समस्या हमें अवगत करवाते हुए उन्होंने बताया कि पानी के लिए हम लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है।वही विधायक धनंजय सोरेन ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए साहिबगंज कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को पत्र लिख कर विधानसभा क्षेत्र के समलापुर जेल गेट के पीछे स्वर्गीय मुंशी हादसा के घर के पास,सकरोगढ़ गोपाल यादव के घर के पास काली मंदिर के प्रांगण में,कबूतर खोपी बमबम यादव के घर के सामने और छोटा जिरवाबाड़ी मधुसूदन पाल के घर के सामने हैंड पंप लगाने की अनुशंसा किया।बोरियो विधायक धनंजय सोरेन ने क्षेत्र वासियों से कहा कि आप लोगो को कहीं भी कभी भी मेरी जरूरत होगी हम आप लोगो की सेवा में हमेश तत्पर रहेंगे।

## उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर संपन्न



**दुमका :** झारखंड सरकार के उद्योग विभाग एवं झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता और प्रदर्शन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विश्व बैंक समर्थित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला उद्योग केंद्र, दुमका के सभागार कक्ष में ह्लउद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविरह्व का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य जिले के नवोदित एवं मौजूदा उद्यमियों को औपचारिक रूप से टरटए इकाइयों के रूप में पंजीकृत करना, पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना, एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें लाभान्वित करना था। शिविर में भाग लेने वाले उद्यमियों को ऑनलाइन वऊअट पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दी गई। शिविर के दौरान कुल 23 उद्यमियों ने ऑन स्पॉट पंजीकरण कराया, जो कि जिले में औपचारिक टरटए इकाइयों की संख्या बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र दुमका दास कुमार एक्का ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान निभाते है। उनके द्वारा बताया गया कि डीआईसी एमएसएमई के लिए वन-स्टॉप-शॉप के रूप में कार्य करते हैं, जो उन्हें प्रभावी ढंग से स्थापित होने, बढ़ने और प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करते हैं। उनके द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाएं जैसे- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी देते हुए इनका लाभ उठाने हेतु प्रतिभागियों को प्रेरित किये।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,खरछढर निशांत एक्का ने ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को बढ़ावा देने क्रियान्वित योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसानों, महिला समूहों एवं युवाओं के लिए स्वरोजगार के कई अवसर सुलभ हैं, जिन्हें टरटए के साथ जोड़कर विस्तारित किया जा सकता है। निदेशक, फरएळक, दुमका ने विभिन्न क्षेत्रों में विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण योजनाओं जैसे ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम,आमतौर पर छोटी अवधि के लिए जैसे कि- कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ, उत्पाद-आधारित प्रशिक्षण, प्रक्रिया-आधारित प्रशिक्षण और सामान्य कौशल विकास आदि की विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों के साथ साझा की। उन्होंने उद्यमियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। अध्यक्ष/सचिव, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, दुमका के द्वारा बताया गया कि दुमका जैसे पिछड़े जिले में औद्योगीकरण एवं रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध हैं।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## नदी से तैरता हुआ युवक का शव किया बरामद , जांच में जुटी पुलिस



**साहिबगंज/बोरियोः** थाना क्षेत्र के पत्थरघट्टा के समीप बोरियों पुलिस ने नदी से एक युवक का तैरता हुआ शव बरामद किया।युवक की पहचान महिसोल निवासी सुनील हेंब्रम 36 के रुप में हुई है।मृतक युवक शादीशुदा है जिनका एक पुत्र भी है।परिजनों ने बताया युवक रविवार देर रात को डोमडी गांव ससुराल जानें का बात बोलकर घर से निकला था,जिसके बाद से ही परिजनों का युवक से संपर्क टूट गया था, मंगलवार को कुछ लोगों ने नदी में तैरता हुआ शव देखा जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई, परिजनों ने शव का शिनाख्त किया। पुलिस को सूचना प्राप्त उक्त स्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया।थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया प्रथम दृष्ट्या से युवक की मौत नदी में डूबने से प्रतीत होता है।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले से पर्दा उठ सकती है। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

पति ने ग्रामीणों के सहयोग से पत्नी के प्रेमी को रंगे हाथ पकड़ा

## बंधक बनाए गए युवक - युवती को बोरियो पुलिस व एसडीपीओ ने कराई मुक्त



**साहिबगंजः** बोरियो थाना क्षेत्र के बसनिया गांव में एक प्रेमी जोड़े को अवैध संबंध बनाए जाने के संदेह के आरोप में ग्रामीणों व महिला के परिवार वालों ने बीती रात्रि लगभग 7 से 8 के बीच युवक युवती को पकड़ लिया। जिसके बाद जोड़े को बांधकर रखा गया है।20 घंटे बीत जाने के बाद भी बोरियो थाना की पुलिस बंधकों को मुक्त नहीं कर सकती है। जानकारी अनुसार छोटा कुसमी गांव का एक गैर आदिवासी लड़का जो पेशे से टेंपो चालक है। उनका अवेध संबंध बसनिया गांव की किसी आदिवासी महिला के साथ था। महिला चार बच्चों की मां भी है। कुछ दिनों पूर्व महिला के पति को दोनों के ऊपर शक हुआ था। जिस कारण बीते सोमवार की रात्रि नाटकीय तरीके से विवाहित महिला का पति बारात जाने का बहाना बना कर गांव में ही छिप गया। इधर महिला को लगा कि पति बारात जा चूका है,।तो उन्होंने अपने प्रेमी को मिलने के लिए बुला लिया। जिसके बाद पति ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया, इसके बाद आक्रोशित परिवार वालों व ग्रामीणों ने अवैध संबंध के आरोप में पकड़े गए महिला व पुरुष को जमकर पिटाई की और रस्सी से बांध कर बंधक बना लिया। उसके बाद ग्रामीणों ने आदिवासी परंपरा के अनुसार मौखिक रूप से प्रेमी पर आर्थिक जुमार्ना के रूप में तीन लाख रूपए का जुमार्ना लगाया है।वहीं स्थानीय लोगों में यह भी चचाएं हो रही हैं।अगर प्रेमी महिला को अपनाकर शादी कर लेता है। तो 30 हजार रूपए का ही जुमार्ना देना होगा। हालांकि अभी तक साहिबगंज जिला के बोरियों थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचने के बाद भी बंधक बनाए गए महिला पुरुष को मुक्त करने में असफल है।

## स्वच्छ भारत अभियान और लोगों को मदद के लिए हैं तैयार : सत्यनाथ साह



**साहिबगंज/बोरियोः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान और लोगों को मदद करने के बातों से प्रेरित हो कर बोरियो बाजार निवासी सत्यनाथ साह ने बोरियो बाजार हाट बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली सड़क के कीचड़मय हो जाने की जानकारी पर उक्त सड़क को जेसीबी से साफ करवा कर पूरे सड़क में डस्ट बिछवा कर सड़क का रूप दे दिया जिससे अस्पताल आने जाने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना न पड़े।वही पूर्व में भी उनके पुत्र रोहित साह के द्वारा कोरोना काल में भी लोगों के बीच अनाज का वितरण किया था।साथ ही प्रत्येक साल गर्मी के दिनों में बोरियो बाजार सहित अन्य गली मोहल्ले में टैंकर से पानी वितरण किया जाता आ रहा है।

## लालबन के ठाकुर बाड़ी मंदिर में नवदिवसीय श्री राम कथा का हो रहा है आयोजन



**साहिबगंजः**तीनपहाड़ क्षेत्र अंतर्गत लालबन गांव के राम लक्ष्मण जानकी ठाकुर बाड़ी मंदिर में नवदिवसीय श्री राम कथा का महोत्सव हो रहा है।जिसकी शुरूआत 22 जून से 30 जून समय 3 बजे दिन से शुरू होगी और शाम 6 बजे तक चलती है।वही इस कथा में कथावाचक अयोध्या से आए हुए धनंजयाचार्य वैष्णव जी के द्वारा इस कथा को सुनने के लिए दूर दूर से भक्त लोग आ रहे है।लालबन, पड़रिया, लोगाई,मुरली,खुटहरी कजिगाव एवं विभिन्न जगहों से भक्त लोग आ रहे है।इस राम कथा का आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्ति में हो गया है।



## त्रिविक्रम की पौराणिक फिल्म से बाहर हुए अल्लू अर्जुन, जूनियर एनटीआर की हुई एंट्री

अला वैकुंठपुरमुलु और गुंटूर करम जैसी कई बेहतरीन फिल्मों का निर्देशन कर चुके त्रिविक्रम श्रीनिवास की अगली फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। उनकी अगली फिल्म में का हीरो कौन होगा। यह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

### कौन होगा त्रिविक्रम की अगली फिल्म का हीरो

त्रिविक्रम श्रीनिवास की फिल्म गुंटूर करम को रिलीज हुए एक साल से ज्यादा हो चुका है और इस फिल्म के बाद उनकी कोई नई फिल्म की घोषणा नहीं हुई है। उनके पास वेंकटेश और अल्लू अर्जुन जैसे सितारों के साथ फिल्में हैं, लेकिन अब सोशल मीडिया पर एक नई खबर ने हलचल मचा दी है। 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, त्रिविक्रम एक महत्वाकांक्षी पौराणिक फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें जूनियर एनटीआर अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। वैसे पहले यह किरदार अल्लू अर्जुन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। इस खबर ने प्रशंसकों को चौंका दिया है। हालांकि, इस बदलाव का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह खबर दोनों सितारों के प्रशंसकों में उत्साह और बहस का विषय बन चुका है।

### जूनियर एनटीआर का वर्कफ्रंट

जूनियर एनटीआर पहले से ही वॉर 2, ड्रैगन और देवरा- भाग 2 जैसी बड़ी फिल्मों में व्यस्त हैं। अगर त्रिविक्रम के साथ जूनियर एनटीआर का यह प्रोजेक्ट पक्का होता है, तो यह उनकी फिल्मों की सूची में एक और बड़ा नाम जुड़ जाएगा। बहरहाल, जूनियर एनटीआर और अल्लू अर्जुन के फैंस इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे है।





# फिल्म मेकिंग बदल गई, अब हमें अपनी सोच बदलने की जरूरत

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस फिल्म में जेनेलिया आमिर खान के साथ उनकी पत्नी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए जेनेलिया एक लंबे वक्त बाद बॉलीवुड की किसी बड़ी फिल्म में नजर आएंगी। हाल ही में जेनेलिया ने अपनी भूमिका के बारे में बताया कि इस किरदार के लिए उन्हें कई बार ऑडिशन देना पड़ा, जिससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। इसी दौरान जेनेलिया ने ये जरूर बताया कि आखिर क्यों उन्हें अब इस तरह के किरदार ऑफर नहीं हो रहे हैं।

### यह आमिर सर की महानता है, उन्होंने मुझमें कुछ देखा

'सितारे जमीन पर' में अपने किरदार सुनीता के बारे में बात करते हुए जेनेलिया ने कहा कि वो इस तरह के किरदार और भी करना चाहती हैं। फिल्मीमंत्रा मीडिया के साथ अपनी हालिया बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'जब लोगों को पता चला कि मैं सितारे जमीन पर कर रही हूं, तो सभी ने कहा कि हे भगवान, कितनी किस्मतवाली हो तुम, आमिर खान की फिल्म कर रही हो। इस पर मैंने कहा, बेशक यह आमिर सर की महानता है कि उन्होंने मुझमें कुछ देखा। बेशक, उन्होंने मेरा ऑडिशन लिया। लेकिन आप भी ऐसा कर सकते हैं। आप मुझे कोई भूमिका भी दे सकते हैं।' जेनेलिया ने आगे और निर्देशकों के उन्हें इस तरह के किरदार में न लेने के पीछे की वजह का जिक्र किया। अभिनेत्री ने 'सितारे जमीन पर' में उनके किरदार को लेकर प्रतिक्रिया देने वालों को संबोधित करते हुए कहा, 'आप भी मुझे ऐसे किरदारों में ले सकते हैं, लेकिन आप मानदंडों के अनुसार चलते हैं। शायद आपको लगता है कि मैं शादीशुदा हूं इसलिए मुझे इस किरदार की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि फिल्म मेकिंग बदल गई है। इसलिए हमारी मानसिकता भी बदलनी चाहिए।'

### सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण

अभिनेत्री ने आगे कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर आप किसी खास उम्र का किरदार चाहते हैं, तो आपको उसी उम्र के किसी व्यक्ति को कास्ट करना चाहिए। जब हम किसी ऐसे अभिनेता को कास्ट करते हैं जो मेरे द्वारा निभाए गए किरदार से बहुत छोटा होता है, तो वे उस किरदार की छोटी-छोटी बातें नहीं समझ पाते। सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि सभी को अवसर मिलेंगे।

20 जून को रिलीज होगी सितारे जमीन पर आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म सितारे ज़मीन पर 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर आमिर लगातार जेनेलिया के साथ प्रमोशन में जुटे हैं। 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद आमिर इस फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। फिल्म में जेनेलिया आमिर की पत्नी के किरदार में नजर आई हैं।

## क्या इब्राहिम अली की इस बात से प्रेशर फील करती हैं पलक तिवारी?



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी फिल्मों में एक्टिंग कर रही हैं। वह अब तक दो फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। पलक ने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से की थी। हाल ही में वह फिल्म 'द भूतनी' में नजर आईं। मैशेबल इंडिया से की गई हालिया बातचीत में जब पलक तिवारी से पूछा गया कि क्या वह मौजूदा नए एक्टर्स जैसे इब्राहिम अली खान, सुहाना खान और अनन्या पांडे की एक्टिंग से किसी तरह का प्रेशर फील करती हैं? पलक का जवाब था, 'प्रेशर लेकर काम करोगे तो वह बिल्कुल भी अच्छा नहीं होगा। फिर प्रेशर लेने का क्या फायदा।' पलक का इतना जरूर कहना है कि उनके साथ के एक्टर्स काफी सपोर्टिंग हैं।

# लाल परी टाइटल से खुश सौंदर्या शर्मा



मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 में अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म के एक गाने में उनके प्रदर्शन को लेकर फैंस ने उन्हें लाल परी का खिताब दिया, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में सौंदर्या ने इस टाइटल को सम्मान करार दिया। साथ ही मलाइका अरोड़ा और कैटरीना कैफ से तुलना करने पर भी अपनी राय पेश की। आईएएनएस से खास बातचीत में सौंदर्या ने बताया कि लाल परी का खिताब उनके लिए क्या मायने रखता है। साथ ही, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव को भी साझा किया।

सौंदर्या ने कहा, जब कहीं से कोई अचानक कहता है, अरे देखो, लाल परी सौंदर्या, तो यह सुनकर अच्छा लगता है। इस टाइटल ने मुझे नई पहचान दी है। इससे ऐसा लगता है जैसे लोग मेरे काम को सच में पसंद कर रहे हैं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं। सवाल में जब उनके लाल परी टाइटल की तुलना मलाइका अरोड़ा की मुन्नी बदनाम और कैटरीना कैफ की शीला की जवानी से की गई, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, आप जिन दो कलाकारों की बात कर रहे हैं, वे मेरी सीनियर्स हैं। उनसे मेरी तुलना होना बहुत बड़ी बात है। लेकिन मेरा सफर तो अभी शुरू ही हुआ है। मैं और ज्यादा अच्छा काम करना चाहती हूं, ताकि लोगों से मुझे ऐसे ही ढेर सारा प्यार मिलता रहे।

सौंदर्या शर्मा ने कहा, मेरी मां माधुरी मैम को बहुत पसंद करती हैं और मैं खुद भी उनकी बहुत बड़ी फैन हूं। मुझे श्रीदेवी मैम, वैजयंतीमाला और मधुबाला भी बहुत पसंद हैं। ये सभी मेरे लिए प्रेरणादायक हैं। वे सब स्क्रीन पर दमदार अभिनय करती थीं और हर किरदार को बहुत खूबसूरती से निभाती थीं। हाउसफुल 5 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।



# दिव्या दत्ता ने बताया क्यों रहना चाहती हैं कुंवारी

दिव्या दत्ता उन बॉलीवुड कलाकारों में से एक हैं जिन्होंने सुष्मिता सेन, तब्बू और सलमान खान जैसे सितारों की तरह बिना शादी के रहने का फैसला चुना। दिव्या ने हाल ही में अपने बातचीत में अपने इस फैसले को लेकर खुलकर बातें की हैं और बताया है कि आखिर ये ऑप्शन उन्होंने क्यों चुना।

दिव्या ने बातचीत में अपने विचारों को शेयर करते हुए कहा, अगर आपको एक अच्छा साथी मिल जाए तो शादी करना बहुत अच्छा है। अगर नहीं तो ज़िंदगी खूबसूरती से आगे बढ़ती है। एक बेकार सी शादी में बधे रहने से बेहतर है कि आप खुद ही खुद का ख्याल रखें। किसी रिश्ते में खुद को नीचा दिखाने की बजाय, खुद से प्यार करना बेहतर है। मेरी तरफ बहुत से मर्दों का अटेंशन खूब रहता है और मैं इसे इंजॉय करती हूं लेकिन रिश्ता तब बनना चाहिए जब आप कनेक्ट होते हैं। अगर आपको लगता है कि वह व्यक्ति आपका हाथ थाम सकता है। अगर ऐसा नहीं है तो मेरे आस-पास मेरे कई प्यारे दोस्त हैं और मैं अपने लिए वहां हूं।

### मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वॉलिफाइड हूं

उन्होंने आगे कहा कि वह शादी नहीं करना चाहती हैं। दिव्या ने कहा, मैं शादी नहीं करना चाहती लेकिन मुझे एक साथी चाहिए जिसके साथ मैं ट्रैवल कर सकूं और अगर नहीं तो भी मैं खुश हूं। आप जानते हैं, मेरे सबसे अच्छे दोस्त ने मुझे एक कोट भेजा - एक शख्स पूछता है- तुम सिंगल क्यों हो? तुम सुंदर, आकर्षक, देखभाल करने वाली हो तो मैंने कहा- मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वॉलिफाइड हूं। एक समय आता है जब आप पूर्णता की तलाश बाहर करते हैं, जो जरूरी नहीं है। यह जरूरी नहीं है कि आप तभी पूर्ण होंगे जब एक अच्छा साथी आपके जीवन में आएगा। मुझे यह गलतफहमी थी। मैं अपने दिल की बात खुलकर कहती थी - लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### दिव्या की आनेवाली फिल्म

दिव्या आखिरी बार फिल्म छावा में दिखीं। लक्ष्मण उटेकर निर्देशित इस फिल्म में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई थी, साथ ही अक्षय खन्ना ने सम्राट औरंगजेब और रश्मिका मंदाना ने येसुबाई भोंसले की भूमिका निभाई थी। वहीं अब दिव्या अगली बार अर्जुन रामपाल के साथ नास्तिक में नज़र आएंगी। शैलेश वर्मा द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में इहाना ढिल्लन और हर्षाली मल्होत्रा भी हैं। फ़िल्म की रिलीज़ की तारीख अभी सामने नहीं आई है।

# नीरज चोपड़ा ने जीता ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 का खिताब

**एजेंसी**

**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य) :** भारत के भाला फेंक सितारे और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को 64वें ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में पुरुष भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीत लिया। यह विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (गोल्ड लेवल) का प्रतिष्ठित आयोजन था। 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर का शानदार थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के डोउ स्मिट 84.12 मीटर के साथ दूसरे और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 83.63 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह नीरज चोपड़ा की मौजूदा सत्र की तीसरी जीत है। प्रतियोगिता की शुरूआत नीरज ने एक फाउल थ्रो के साथ की थी। दूसरे प्रयास में उन्होंने 83.45 मीटर फेंका और फिर तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर का




थ्रो कर बढ़त बना ली। इसके बाद उनके चौथे, पांचवें और छठे प्रयास क्रमशः 82.17 मीटर, 81.01 मीटर और फाउल रहे। नीरज ने अपने सीजन की शुरूआत साउथ अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में हुई एक इनविटेशनल मीट से की थी, जहां उन्होंने 84.52 मीटर के थ्रो से जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हालांकि, इस मुकाबले में वह जर्मनी के जूलियन वेबर से पीछे रह गए थे, जिन्होंने 91.06 मीटर फेंककर जीत हासिल की। बाद में पोलैंड के चॉर्जी में हुए जानुस्ज कुसोचिंस्की मेमोरियल में भी नीरज (84.14 मीटर) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि वेबर ने 86.12 मीटर के थ्रो से पहला स्थान पाया। लेकिन पेरिस डायमंड लीग में नीरज ने वापसी करते हुए वेबर को पछाड़ा और अपने पहले ही प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो से खिताब जीता। नीरज अब अगली बार 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतिरवा स्टेडियम में होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे। यह भारत में पहली बार होने वाली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता होगी। यह आयोजन नीरज चोपड़ा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह भारत में अब तक का सबसे उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स आयोजन होगा।

# लीड्स टेस्ट में मिली हार पर गिल ने कहा-हमारी योजना 430-435 का लक्ष्य देने की थी, निचले क्रम ने निराश

**एजेंसी**

**लीड्स :** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के हाथों 371 रन का विशाल लक्ष्य गंवाने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बल्लेबाजी और फील्डिंग में हुई गलतियों पर निराशा जताई। गिल ने बताया कि टीम की योजना इंग्लैंड को 430-435 रन का लक्ष्य देने की थी, लेकिन निचले क्रम की लगातार दूसरी नाकामी ने भारत को सिर्फ 364 रन तक सीमित कर दिया। गिल ने मंगलवार को मैच के बाद कहा, हमारी योजना थी कि हम लगभग 430-435 का लक्ष्य देकर डिक्लेयर करेंगे। लेकिन हमारे आखिरी छह विकेट सिर्फ 31 रन जोड़ सके, जो निश्चित ही हमारे लिए अच्छी बात नहीं थी। भारत ने पहली पारी में अंतिम सात विकेट



41 रन पर गंवाए थे, जबकि दूसरी पारी में छह विकेट सिर्फ 31 रन में गिर गए। गिल ने कहा कि टीम इस कमजोरी को सुधारने के प्रयास में है। गिल ने कहा, ₹हां, हमने इस पर चर्चा की थी, लेकिन जब आप मैदान पर होते हैं, तो सब कुछ बहुत जल्दी होता है। हमें इस तरह के पतनों से बचना होगा, और फील्डिंग में सुधार करना होगा। मैच के दौरान भारत ने कुल सात कैच छोड़े, जिनमें से दो अंतिम पारी में थे। इनमें बेन डकेट भी शामिल रहे, जिन्हें दो बार जीवनदान मिला और उन्होंने 170 गेंदों पर 149 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। गिल ने कहा, ऐसी विकेटों पर मौके बार-बार नहीं मिलते, और हमने कई कैच छोड़े। लेकिन हमारी टीम युवा है, सीखने की प्रक्रिया में है। उम्मीद है कि अगले मैचों में हम इसमें सुधार करेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो रवींद्र जडेजा को पांचवें दिन कुछ रफ जरूर मिले, लेकिन वह केवल एक विकेट झ्र बेन स्टोक्स का झ्र ही ले सके। जडेजा ने 24 ओवर में 104 रन देकर एक विकेट लिया। डकेट ने उन्हें रिवर्स स्वीप के जरिए खूब निशाना बनाया और उनके खिलाफ 38 गेंदों में 38 रन बनाए। गिल ने जडेजा के प्रदर्शन का बचाव किया और कहा, ₹उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने हमारे लिए मौके बनाए भी, कुछ कैच उछले जो रिषभ ने नहीं देखे। लेकिन ऐसा क्रिकेट में होता है। कई बार मौके आपके पक्ष में नहीं जाते। भारत अब सीरीज में 0-1 से पीछे है और शेष चार टेस्ट मैचों में वापसी करने की चुनौती उसके सामने है।

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा-'आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख का 'अन्यायकाल'

एजेंसी

नई दिल्लीकेंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने आज 'संविधान हत्या दिवस' पर एक्स हैंडल पर अपने उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 'आपातकालह्न कांग्रेस की सत्ता की भूख का 'अन्यायकाल' था। 25 जून, 1975 को लगे आपातकाल में देशवासियों ने जो पीड़ा और यातना सही, उसे नई पीढ़ी जान सके, इसी उद्देश्य से मोदी सरकार ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' का नाम दिया। उन्होंने लिखा, " यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की



लोकतंत्रविरोधी मानसिकता का परिचायक था। प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई। न्यायपालिका के हाथ बांध दिए गए और सामाजिक कार्यकताओं को जेल में डाला गया।" केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने लिखा, " देशवासियों ने 'सिंहासन खाली करो' का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। " उल्लेखनीय है कि केंद्रीयमंत्री शाह ने कल 'आपातकाल के 50 साल' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, " नई दिल्ली में आपातकाल की पूर्व संध्या पर आपातकाल के 50 साल कार्यक्रम में आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले वीरों को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।"

शाह ने इस अवसर पर कहा कि जब किसी व्यक्ति के भीतर छिपा हुआ तानाशाही स्वभाव बाहर आ जाता है, तभी आपातकाल लगता है, यह इतिहास हमारी युवा पीढ़ी को जानना जरूरी है। आपातकाल, कांग्रेस द्वारा मल्टीपार्टी डेमोक्रेसी को एक पार्टी की तानाशाही में बदलने के षड्यंत्र की शुरूआत थी। आपातकाल का मूल कारण सत्ता की भूख थी। न देश पर कोई बाहरी खतरा था, न ही कोई आंतरिक संकट था, खतरा बस इंदिरा गांधी की कुर्सी पर था।

## आपातकाल के 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस की मानसिकता वैसी ही : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली :** आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) आज संविधान हत्या दिवस मना रही है। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीयमंत्री जेपी नड्डा ने एक्स पर अपने वीडियो संदेश में कांग्रेस पर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि 25 जून, 1975 की आधी रात तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोपा। देश के संविधान की हत्या कर दी। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। उसकी नीयत आज भी तानाशाही वाली है। उन्होंने कहा कि 1975 में कोर्ट ने इंदिरा गांधी को चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी ठहराया और उन्हें 6 वर्षों तक किसी भी निर्वाचित पद पर रहने से अयोग्य करार दिया। रातों-रात प्रेस की बिजली काटी गई, सारे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया, प्रेस से आजादी छीन ली गई, अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को रौंदा गया। संसद, न्यायपालिका को अपंग बना दिया गया और 26 जून की सुबह देश पर कांग्रेस की तानाशाही सरकार ने आपातकाल थोप दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में कानून व्यवस्था का हाल आज भी वही है, जो आपातकाल में था- विरोध का दमन, धार्मिक तुष्टीकरण और सत्ता का अहंकार खुलेआम दिखता है।

## गोपालन विभाग का एप अपग्रेड, डुप्लीकेट टैग से भुगतान नहीं होगा : गोपालन मंत्री

एजेंसी

**जयपुर :** गोपालन, डेयरी, पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा क? प्रदेश की गौशालाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ अनुदान राशि का भुगतान समय पर मिले इसके लिए गोपालन विभाग ने अपनी एप में आमूलचूल परिवर्तन किया है। इस परिवर्तन के साथ डुप्लीकेट टैग के जरिए भुगतान उठाने की आशंका पूरी तरह से खत्म हो गई है। कुमावत ने मंगलवार को पत्रकारों को पशुपालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, नस्ल सुधार के लिए गिर गाय में ब्राजील के उन्नत नस्ल के गिर सांड का सीमन लगाने, सैक्स सोर्टेड तकनीक, मोबाइल वेटेनरी वैन, गोपालक क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी। गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गोशालाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि तत्कालीन



सरकार के समय गौवंश की संख्या अधिक बताकर करोड़ों रुपए का फर्जी भुगतान उठाने का मामला सामने आने पर उसकी जांच करवाई गई। मंत्री ने कहा कि जांच के बाद अकेले जैसलेमर जिले में 28 गौशालाओं को दोषी पाए जाने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट करते हुए वर्ष-2024-25 के दूसरे चरण का भुगतान रोक दिया गया। साथ इन गौशालाओं की विस्तृत व प्रभावी तरीके से जांच के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को जांच सौंपी गई है। इसके अलावा पिछले कुछ समय से गौवंश के डुप्लीकेट टैग लगाकर उनकी संख्या अधिक दिखाकर भुगतान उठाने के मामले भी गोपालन विभाग ने पकड़े हैं। इस जांच में 49 हजार 314 फर्जी गौवंश का भंडाफोड़ करते हुए संबंधित गौशालाओं की अनुदान राशि रोकी गई है। इससे गोपालन विभाग ने 29 करोड़ 58 लाख 84 हजार रुपए की राशि की बचत की है। गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि गौशालाओं को समय पर अनुदान राशि का भुगतान हो इसके लिए गोपालन विभाग की एप में अपग्रेडेशन किया गया है। इसके बाद नवंबर, दिसंबर-2024, जनवरी, फरवरी व मार्च-2025 तक के 150 दिन की बकाया करीब 811 करोड़ रुपए की राशि जल्द ही जारी की जाएगी।

## पश्चिम बंगाल शिक्षक नियुक्ति घोटाला : ईडी ने 27.19 करोड़ की संपत्ति अटैच की, कुल जब्ती अब 636.88 करोड़

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए 27.19 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है। यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल केंद्रीय स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की ग्रुप सी और ह्यडीह्न की नियुक्तियों में हुए कथित घोटाले से जुड़ी है। देर रात जारी ईडी के बयान के अनुसार, जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, वे तीन चाय बागानों के नाम पर हैं और इनमें बंगला, फैक्ट्री, प्लांट, मशीनरी और वाहन शामिल हैं। ये बागान –संसिंग ऑर्गेनिक टी प्राइवेट लिमिटेड, यांगटोंग ऑर्गेनिक टी प्राइवेट लिमिटेड और बामनडांगा टी एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड – प्रसन्न कुमार रॉय के स्वामित्व में हैं। ईडी ने बताया कि इन संपत्तियों की खरीद उन उम्मीदवारों से एकत्र किए गए अवैध धन से की गई, जिन्हें ग्रुप ह्यसीह्न और ह्यडीह्न की नौकरियों में गलत तरीके से नियुक्त किया गया था। इस कार्रवाई से पहले ईडी ने ग्रुप ह्यसीह्न और ह्यडीह्न भर्ती घोटाले में 219.91 करोड़ रुपए की संपत्ति पहले ही जब्त कर ली थी। अब तक इस मामले में ईडी कुल 636.88 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच कर चुका है। इस घोटाले के केंद्र में बताए जा रहे प्रसन्न कुमार रॉय को मुख्य बिचौलिया बताया गया है, जिसने नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों से धन और जानकारी एकत्र की थी। उसके करीबी सहयोगी चंदन मंडल के साथ वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। ईडी की यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के तीन अप्रैल 2025 के फैसले के बाद सामने आई है। स्टेट ऑफ वेस्ट बंगाल बनाम बैशाखी भट्टाचार्य (चटर्जी) एवं अन्य (एसएलपी सिविल 9586/2024) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 25 हजार से अधिक शिक्षण और गैर-शिक्षण नियुक्तियों को रद्द करते हुए कहा था कि पूरी चयन प्रक्रिया ह्लदूषित और भ्रष्टह्न थी। यह जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज दो प्राथमिकी (एफआईआर) के आधार पर शुरू हुई थी, जिसमें भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। आरोप है कि नियुक्तियां नियमों को ताक पर रखकर, आपराधिक साजिश के तहत, अयोग्य और अनुचित अभ्यर्थियों को दी गई थीं। इससे पहले ईडी ने एसएससी की नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की सहायक शिक्षक भर्ती घोटाले में 238.78 करोड़ रुपए और प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में 151 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी।

## दिल्ली के रिठाला में पॉलीथिन फैक्टरी में आग, चार की मौत



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार शाम करीब 7:25 बजे एक पॉलीथिन बनाने वाली तीन मंजिला फैक्टरी में आग लग गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। देररात दमकलकर्मियों ने तीन शव बाहर निकाले। चौथे व्यक्ति का शव आज सुबह निकाला गया। फिलहाल कूलिंग की जा रही है। इस फैक्टरी में आग लगने की सूचना देररात मिलने पर पहुंची अलग-अलग दमकल स्टेशन की करीब 24 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी रही। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। जांच की जा रही है।

## पुरी की तर्ज पर झांसी में पुष्य नक्षत्र में निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**झांसी :** महानगर में गोला कुआं स्थित जगन्नाथ जी के मंदिर से पुरी की तर्ज पर शुक्रवार 27 जून को शाम पांच बजे से भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा महानगर में भ्रमण को निकलेंगी। जिसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष संजय नौराई व समाज सेवक पंडित पीयूष रावत व मनमोहन गेडा ने बताया कि ब्रह्म पुराण, नारद पुराण, स्कंद पुराण आदि धर्मग्रंथों में भगवान जगन्नाथ जी की महिमा व भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का वर्णन है। रथयात्रा में श्रद्धा भक्ति भाव से शामिल होने पर सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि



गोला कुआं स्थित जगन्नाथ जी का मंदिर 185 वर्ष पुराना है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मंदिर से भव्य रथयात्रा निकलेंगी। दोपहर में भगवान को छप्पन भोग अर्पण किया जाएगा। भव्य फूल बंगला सजाया जायेगा। शाम पांच बजे महाआरती होगी। जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में विशेष रूप से इस्कॉन मंदिर के भक्तों द्वारा संकीर्तन किया जाएगा! आयोजकों ने बताया कि भगवान जगन्नाथ स्वामी जी का श्रृंगार, सजावट रंग रोवन कलाकर उत्कर्ष वर्मा ओर शिवाली नौराही ने किया है। इस दिन पुष्य नक्षत्र रहेगा। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ जी का रथ श्रद्धालु रस्सियों से पकड़ कर खींचेगे। रथयात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत होगा।रथयात्रा में आमंत्रण को समिति 26 जून को शाम को 5 बजे बाजारों में श्रद्धालुओं को पीले चावल भी देगी।

**रथ यात्रा का रूट**

रथयात्रा गोला कुआं से शुरू हो कर गंधीगर का टपरा, सराफा बाजार, मानिक चौक, सुभाष गंज, बड़ा बाजार, कोतवाली की ढाल आदि प्रमुख बाजारों से होकर वापस मंदिर पहुंचेगी।

**ये रहे उपस्थित**

इस दौरान महेंद्र भंडारी ,दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम स्वामी , रवीश त्रिपाठी ,सत्येंद्र पुरी गोस्वामी,राघव वर्मा, प्रभात शर्मा , पवन गुप्ता ,ध्रुव नौराई ,अमन नौराई ,आदित्य गुप्ता ,कृष्णा मल्होत्रा,जितेन बजाज ,गौरव सेठ,अनिमेश दुबे,विनोद हयारण आदि मौजूद रहे। शिवा नौराई ने आभार व्यक्त किया।

## शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार में तेजी, सेंसेक्स 601 अंक उछला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ईरान-इजराइल के बीच युद्ध विराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को घरेलू भारतीय शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी जारी है। फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 601.29 अंक यानी 0.73 फीसदी



की उछाल के साथ 82,656.40 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 166.00 अंक यानी 0.66 फीसदी की तेजी के साथ 25,210.35 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 शेयर में तेजी है। अडाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और एचयूएल एक फीसदी ऊपर हैं। हालांकि, एशियन पेंट्स में मामूली गिरावट है। वहीं, निफ्टी के 50 में से 46 शेयरों में तेजी है। एनएसई के आईटी, ऑटो और रियल्टी सहित सभी सेक्टर्स ऊपर कारोबार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है की एक दिन पहले शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था। बीएसई का सेंसेक?स 158.32 अंक यानी 0.19 फीसदी उछलकर 82,055.11 पर बंद हुआ।

## राजस्थान में मानसून सक्रिय, जयपुर में टूटा 10 साल का रिकॉर्ड; कई जिलों में अलर्ट जारी

**जयपुर :** राजस्थान में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है और प्रदेश के अधिकांश जिलों में सक्रिय हो गया है। जयपुर, सीकर, जालोर, बारां सहित कई जिलों में मंगलवार और बुधवार को अच्छी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बुधवार को 25 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। जयपुर में मंगलवार को हुई तेज बारिश ने पिछले दस वर्षों का जून महीने का एक दिन में सर्वाधिक वर्षा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक यहां 77.8 मिमी (करीब 3 इंच) बारिश दर्ज की गई। इससे पहले जून माह में एक दिन में सर्वाधिक वर्षा 21 जून 2022 को 47.3 मिमी हुई थी। सीकर में बुधवार सुबह साढ़े 7 बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ, जो रुक-रुक कर जारी है। मंगलवार को भी पूरे दिन बादलों की आवाजाही और रुक-रुक कर बारिश होती रही। नवलगढ़ रोड पर भारी जलभराव से सड़क नदी जैसी नजर आई, जहां तीन फीट तक पानी भर गया। कई वाहन डूब गए और लोगों को जेसीबी व ट्रैक्टर की सहायता से बाहर निकाला गया। जालोर में मंगलवार देर रात से बारिश शुरू हुई, जो बुधवार सुबह तक रिमझिम के रूप में जारी रही। बारां जिले में लगातार बारिश से कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से टूट गया है। पार्वती और बरनी नदियां उफान पर हैं। बरनी नदी पर बना पुल बह जाने से नाहरगढ़-भंवरगढ़ मार्ग अवरुद्ध हो गया है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बांग्लादेश में पांच प्रमुख धार्मिक दल मिलकर लड़ेंगे चुनाव

**ढाका :** बांग्लादेश के पांच प्रमुख धार्मिक दल आगामी आम चुनाव मिलकर लड़ेंगे। पांचों में सहमति हो गई है। इसके लिए एक संपर्क समिति का गठन किया गया है। समिति में हर दल से दो प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं। राष्ट्रीय सहमति आयोग की वार्ता पूरी होने के बाद यह पांचों कौमी मदरसा आधारित दल एक बार फिर विचार-विमर्श करेंगे। ये पार्टियां हैं इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, खिलाफत मजलिस, बांग्लादेश खिलाफत मजलिस, जमीयत उलमा-ए-इस्लाम और नेजाम-ए-इस्लाम पार्टी। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, यह सभी दल पिछले कई सालों से इस्लामी एकता बनाने के मुद्दे पर लगातार चर्चा कर रहे हैं। 1971 में मुक्ति संग्राम का विरोध करने वाली जमात-ए-इस्लामी को इस संभावित चुनावी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है। इससे पहले इस वर्ष 23 अप्रैल को इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश कार्यालय में इन पांच इस्लामी दलों की संयुक्त बैठक हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश के अमीर मुफ्ती सैयद मोहम्मद रजाउल करीम उर्फ चारमोनई पीर ने की। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के महासचिव मौलाना मंजुरुल इस्लाम अफेंदी ने कहा कि चुनाव में हम संयुक्त उम्मीदवार उतारेंगे।

### रेलवे अंडर पास में जलभराव की आशंका: पंप लगाने और चौकीदार तैनात करने के निर्देश

**जयपुर :** उत्तर पश्चिम रेलवे ने मानसून के दौरान रेलवे अंडरपास में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। रोड अंडर ब्रिज में पानी न जाए इसके लिए निर्माण कार्य कराए गए हैं और पुराने जल पुनर्भरण कुओं की गहराई बढ़ाई गई है। जिन अंडरपास में भारी बारिश के दौरान जलभराव का खतरा अधिक है, वहां चौबीसों घंटे चौकीदार तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि महाप्रबंधक अमिताभ के निर्देश पर सभी अंडरपास पर जल निकासी के इंतजाम किए गए हैं। रेलवे ने पानी निकासी के लिए 167 अंडरपास पर पंप लगाए गए हैं और जरूरत पड़ने पर यातायात रोकने के लिए 328 चौकीदार तैनात किए जाएंगे। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी अंडरपास पर जल स्तर मापक की मार्किंग की गई है। खतरनाक जल स्तर तक पानी पहुंचने पर आवाजाही रोकी जा सके, इसके लिए चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। साथ ही रेलवे ने सभी अंडरपास पर सूचना बोर्ड भी लगाए हैं, जिससे जलभराव होने पर लोग तुरंत रेलवे को सूचित कर सकें।

### भारी बारिश और भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद

**जम्मू :** रामबन में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार रामबन जिले के मेहद में भारी बारिश तथा भूस्खलन के कारण मार्ग पर मिट्टी के तोदे गिरने के चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। यातायात विभाग ने कहा है कि मौसम साफ होने के बाद ही मार्ग को साफ करने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने यात्रियों से फिलहाल अपील की है कि राजमार्ग पर यात्रा न करें और यात्रा शुरू करने से पहले यातायात कंट्रोल रूम से संपर्क कर लें।

### जल शक्ति मंत्री 26 को झांसी में करेंगे पेयजल परियोजनाओं का निरीक्षण

**झांसी :** उत्तर प्रदेश सरकार की पेयजल परियोजनाओं का निरीक्षण और समीक्षा करने जल शक्ति मंत्री 26 जून 2025 को झांसी आएंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का झांसी, ललितपुर और जालौन, आगरा का भ्रमण 24 जून से 28 जून तक रहेगा। इस क्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव 26 जून 2025 को ललितपुर से झांसी सर्किट हाउस सुबह ग्यारह बजे आयेंगे। यहां वह सरकार की पेयजल परियोजनाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से समीक्षा करेंगे। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन सुबह ग्यारह बजे एटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बीएचयू वनस्पति विज्ञान विभाग ने बैकयार्ड गार्डन और ग्लास हाउस सुविधा विकसित की

**वाराणसी :** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के वनस्पति विज्ञान विभाग ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विभाग ने बैकयार्ड गार्डन और ग्लास हाउस सुविधा विकसित की है। यह नव विकसित स्थल एक शोध केंद्र और जीवित कक्षा के रूप में कार्य करता है, जो वनस्पति शिक्षा और संरक्षण प्रयासों को समृद्ध करता है। इसके अंतर्गत एक क्रिप्टोगैमिक गैलरी की भी स्थापना की जा रही है, जिसमें शैवाल, कवक, ब्रायोफाइट्स और टेरिडोफाइट्स जैसे अपुष्पीय पौधों के अध्ययन और प्रदर्शन की व्यवस्था होगी। डीन, इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस प्रो. एस. के. उपाध्याय ने इसका उद्घाटन कर इसे छात्रों,शोध छात्रों के लिए समर्पित कर दिया। प्रो. उपाध्याय के अनुसार विभाग की सबसे मूल्यवान धरोहरों में से एक है राष्ट्रीय महत्व की हर्बेरियम , जिसे हाल ही में पुनर्निर्मित किया गया है। इसमें हजारों संरक्षित पौधों के नमूने संकलित हैं, जिनमें कई दुर्लभ और ऐतिहासिक संग्रह शामिल हैं जो पिछले सौ वर्षों से अधिक की अवधि में एकत्र किए गए हैं। यह हर्बेरियम देश-विदेश के शोधकताओं, विद्यालय समूहों और विद्वानों द्वारा नियमित रूप से देखा और सराहा जाता है तथा अंतर विषयक शोध का एक महत्वपूर्ण संसाधन है। वर्तमान में इसे डिजिटाइज किया जा रहा है ताकि यह एक वैश्विक स्तर पर सुलभ डिजिटल संरचना के रूप में विकसित हो सके । बताते चले बीएचयू के वनस्पति विज्ञान में स्नातकोत्तर शिक्षण की शुरूआत 1919 में प्रोफेसर बीरबल साहनी, एफ.आर.एस. के नेतृत्व में हुई थी। जिन्होंने भारत में वनस्पति शिक्षा और अनुसंधान की एक समृद्ध परंपरा की नींव रखी। समय के साथ, इस विभाग का नेतृत्व प्रो. वाई. भारद्वाज, प्रो. आर. मिश्र और प्रो. आर. एन. सिंह जैसे प्रख्यात विद्वानों ने किया, जिन्होंने शैवालविज्ञान और पारिस्थितिकी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शोध संस्थाएं स्थापित कीं। विभाग के प्रारंभिक इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि 1927 में डॉ. बी. एन. सिंह को वनस्पति विज्ञान में डी.एससी. उपाधि प्रदान किया जाना था।

### सांताक्रुज में बिल्डिंग में लगी आग

**मुंबई :** सांताक्रुज पूर्व में बुधवार को एक आठ मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। सांताक्रुज पूर्व में सीएसटी रोड पर स्थित विंडसर बिल्डिंग की सातवीं मंजिल पर आरएमसी कार्यालय में आग लगी। कुछ ही समय में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और धुआं दूर से देखा जा सकता था। इससे आसपास के लोगों में हलचल मच गई। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही तुरंत फायर ब्रिगेड की गड़ियां, मनपा स्टाफ, स्थानीय पुलिस और एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार आग इमारत की 7वीं मंजिल पर आरएमसी कार्यालय में लगभग 1000-1500 वर्ग फीट क्षेत्र में लगी थी । आग बिजली की वायरिंग, फर्नीचर, सर्वर पैनल, पैनल बैटरी, कार्यालय रिकॉर्ड आदि तक सीमित थी।

## झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति की हुई बैठक

# वित्तीय मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही व अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सभापति

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा:** सिमडेगा में झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सर्किट हाउस में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति विधायक मनोज कुमार यादव ने की। बैठक में समिति के अन्य सदस्य विधायक जगत मांझी, विधायक अमीत यादव और विधायक सुखराम उरांव भी उपस्थित रहे।
इस बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई और उनके क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।
बैठक के दौरान सभापति मनोज कुमार यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि वित्तीय मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता के पैसे का सदुपयोग हो और योजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हों। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य सरकारी धन का सही और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करना है तथा इस दिशा में कोई भी कोताही स्वीकार्य नहीं होगी।
लोक लेखा समिति द्वारा ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, भवन निर्माण विभाग, कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, पथ निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग एवं वन पट्टा वितरण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। विशेष रूप से समिति ने कृषि विभाग द्वारा बिना मृदा जांच के डोलोमाइट वितरण, भवन




निर्माण विभाग के तहत अनुमंडल पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता के आवास निर्माण, कल्याण विभाग की बकरी वितरण योजना, पंचायती राज विभाग के पंचायत भवन निर्माण, पथ निर्माण विभाग में भूमि अधिग्रहण मुआवजा भुगतान, स्वास्थ्य विभाग से 2013 से अब तक की शिशु जन्म-मृत्यु दर की अद्यतन जानकारी और वन पट्टा वितरण की स्थिति पर गंभीर चर्चा की।
इसके अलावा, समिति ने एजी (महालेखाकार) द्वारा लगाए गए ऑब्जेक्शन की भी विस्तार से समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे त्वरित रूप से मामलों का निपटारा कर विस्तृत अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। बैठक में झारखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से अपर सचिव और प्रशाखा पदाधिकारी ने सहयोग किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में सिमडेगा जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। इनमें उपायुक्त कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, वन प्रमंडल पदाधिकारी शांशक शेखर, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, जिला पंचायत राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, एलआरडीसी अरुणा कुमारी समेत जिले के सभी विभागों के जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।
बैठक में लोक लेखा समिति ने सभी विभागों को अपनी योजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि जनता के पैसों की बबार्दी किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी।

## खिलाड़ियों के हक पर डाका बर्दाश्त नहीं : दिलीप तिर्की

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** आदिवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिलीप तिर्की ने मंगलवार को सिमडेगा दौरे पर पहुंचे लोक लेखा समिति के सभापति मनोज यादव से मुलाकात कर राज्य खेल विभाग में व्याप्त अनियमितताओं और जिले में चल रही योजनाओं में हो रही गड़बड़ियों को लेकर विस्तार से शिकायत दर्ज कराई।
उन्होंने खास तौर पर हाल ही में सामने आए उस मामले को उठाया जिसमें 2 किलो पनीर और 5.5 किलो मटन से 75 खिलाड़ियों को खाना परोसे जाने का घोटाला उजागर हुआ है। तिर्की ने इसे ह्युवा खिलाड़ियों के भविष्य से खिलवाड़ और सिमडेगा जैसे खेल-समर्पित जिले का अपमानह्न बताया।
सिमडेगा की पहचान से खिलवाड़
दिलीप तिर्की ने कहा कि सिमडेगा को हॉकी की नर्सरी कहा जाता है, जहां से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलते हैं। ऐसे में खिलाड़ियों को निम्न गुणवत्ता का भोजन देना, उन्हें बुनियादी



सुविधाओं से वंचित रखना और टेंडर प्रक्रिया में घपला होना, ये सभी चिंताजनक संकेत हैं।
अधूरे स्टेडियम और बंद पड़ी खेल योजनाएं
उन्होंने यह भी बताया कि जिले में बने कई स्टेडियम केवल नाम के हैं–बिना सुविधा, बिना रखरखाव और बिना उपयोग के पड़े हैं। कई जगह निर्माण कार्य अधूरा है, और खेल बजट का समुचित उपयोग नहीं हो रहा।
अन्य विभाग भी जांच के घेरे में
दिलीप तिर्की ने खेल विभाग के अलावा जिले के अन्य विभागों में भी हो रही अनियमितताओं, जैसे निम्न गुणवत्ता के निर्माण, अधूरी योजनाएं और कागजी खानापूर्ति को लेकर दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ शिकायत सौंपी। समिति के अध्यक्ष मनोज यादव जी ने इस बात को गंभीरता से बातों को लेते कहा कि खिलाड़ी बच्चों के साथ खाने पीने में ऐसी अनियमितता बर्दास्त योग्य बात नही है। साथ ही जिला मीटिंग में अधिकारी से जवाब तलब किया गया। एवं पत्रकारों से बात-चीत के दौरान भी इस विषय पर गंभीरता दिखलाई है। कहा सभी मामलों के लिए समिति गंभीर है, कार्यवाही जरूर होगी।

## जन समस्याओं के समाधान के लिए जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला आज मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए।
जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, भूमि सीमांकन,सरकारी सहायता,रोजगार, जमीन ऑनलाइन करने के सम्बन्ध में,चिकित्सा सहायता,आर्थिक सहायता एवं शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।
पंचायत कोणडरा अंतर्गत पंडरीपानी गांव के ग्रामीणों का कहना है कि गांव स्थित डूमर नाला पुलिया के दोनों साइड गार्डवाल नहीं है। जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणों को परेशानी होती है। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त के समक्ष आवेदन दिया है। इस




संबंध में उपायुक्त महोदया ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।
सिसई प्रखंड अंतर्गत निमड़ा गांव के ग्रामीणों ने एन एच 43 में पेट्रोल पंप और राजकीय मध्य विद्यालय , सकरौली के बीच लोहे का पुल निर्माण करने के हेतु आवेदन दिया है।
झारखंड राज्य पेंशनर समाज के सदस्यों ने पेंशनर भवन, कचहरी परिसर,गुमला के जीर्णोद्धार के संबंध में उपायुक्त के समक्ष आवेदन दिया। इस संबंध में उपायुक्त ने आवश्यक कार्रवाई हेतु आश्वासन दिया।
उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु एक सशक्त माध्यम है तथा प्रशासन सभी मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

## प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी में विदाई समारोह का आयोजन



**भोजपुर :** आज स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी भोजपुर के प्रेक्षागृह में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। अवसर था शिक्षक स्थानांतरण के बाद अपने जिले में जा रहे हैं। विद्यालय के तीन प्रखर समझ रखने वाले सम्मानित शिक्षक व शिक्षिका का एक साथ सम्मान के साथ बिदाई किया गया। विज्ञान शिक्षिका श्रीमती संगीता जी पिछले 10 वर्षों से विद्यालय में विज्ञान शिक्षिका के रूप में सेवारत हैं। निश्चित रूप से विद्यालय एक समय शिक्षक अभाव झेल रहा था,तब अपने शैक्षणिक संदर्भ व अनुभव से विद्यालय को सटीक दिशा में संचालित करने में मददगार रहीं हैं। संगीता जी
हमेशा गहरी निष्ठा से अपने विषय व विचारों को लेकर संवेदनशील रहीं हैं। आज विद्यालय में अंतिम दिन है छात्राओं की आंखें नम है विद्यालय परिवार इनके द्वारा सृजित गतिविधियों को कभी भुल नहीं सकता। इसके साथ दो शिक्षक खेल शिक्षक मो. परवेज आलम अपने अल्प सेवा काल में सभी को प्रभावित किया है। हमेशा खेल गतिविधियों से छात्राओं में एक अलग ही गती व ऊर्जा भर दिया है। श्रीमान जयगोपाल सिंह राजनीतिक विज्ञान शिक्षक के रूप में अपने अल्प समय में ही विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाने में कामयाब रहे। गांव कस्बों के स्कूलों में इस तरह के प्रतिभावान शिक्षक हमेशा बेहतर करते हैं। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय ने संबोधित करते हुए कहा कि आज विद्यालय अपने शिक्षक को विदाई करते हुए गम में है। हमसभी ने मिलकर विद्यालय को विद्या मंदिर की तरह सृजित किया है। कल विद्यालय खुलते ही आप सभी को उपस्थित न देखकर विद्यालय में एक खालिपन का एहसास होगा, जिसका भरपाई आसान नहीं होगा। कला शिक्षक रौशन राय ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय इस विदाई को अपूर्णीय छती मान रहा है। हमसभी ने मिलकर इस विद्यालय को अन्य विद्यालयों से अलग व सृजनात्मक शक्ति प्रदान किया था।सामाजिक विज्ञान शिक्षिका अर्चना कुमारी व प्रतिमा कुमारी इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा अपने सबसे करीबी शिक्षिका संगीता जी का विदाई सहन आसान नहीं है। शिक्षक व शिक्षिका का स्थानांतरण निश्चित रूप से असहनीय पिड़ा की तरह है,जिसे सहज स्विकार कैसे किया जाए। शिक्षिका अर्पिता यादव, रिंकल कुमारी, पिंकी कुमारी, रविनंदनी, रिंकी कुमारी, प्रिती कुमारी ने बारी -बारी से अपने संबोधन में विदाई को मौलिक एहसास से जोड़ दिया, और आंखें सबकी गीली हो गई। शिक्षिका अंशिका कुमारी, रेणु कुमारी, इंदू यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि अब यादें शेष रह जाएंगी। तीनों शिक्षकों को बारी -बारी से अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## पुलिस उप महानिरीक्षक नौशाद आलम ने रेहला थाना का किया औचक निरीक्षण

**बिनय मिश्रा**

डीआईजी द्वारा निरीक्षण के दौरान पुअनि गुलशन बिरुवा थाना प्रभारी रेहला द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, तत्पश्चात पुलिस उप महानिरीक्षक पलामू क्षेत्र द्वारा थाना में पदस्थापित पदाधिकारी/जवानों के टर्न आउट का निरीक्षण किये, उसके बाद थाना सिरिस्ता में संधारित अभिलेखों का अवलोकन करते हुए पाए गए त्रुटियों में सुधार करने, पुलिस पदाधिकारी द्वारा आम जनता के शिकायतों को समाधान करने, जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने, क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस मुख्यालय/वरीय पदाधिकारी से प्राप्त आदेश निर्देश संबंधित पत्रों को पदाधिकारी एवं कर्मियों को अवगत कराते हुए अलग से गार्ड फाइल में रक्षित



करने, लंबित कांडो का त्वरित गति से निष्पादन करने, स्कूल/ कॉलेज तथा वैसे स्थान जहां महिलाओं/लड़कियों का आना-जाना रहता है वैसे स्थानों पर अड्डा बाजी वाले क्षेत्रों में कारगार पेट्रोलिंग करने एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध छापामारी/ जागरूकता अभियान चलाने सहित अन्य बिंदु पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा निरीक्षण दौरान थाना में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को उचित पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया,निरीक्षण के दौरान रामाशीष पासवान, पुलिस निरीक्षक, पांडू अंचल केम्प रेहला भी मौजूद रहे।

## कुआं में मिले शव मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

सिमडेगा : कोरेबिरा थाना क्षेत्र के माटीगढ़ा में पिछले 29 अप्रैल को कुआ में मिले व्यक्ति के शव मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक नाबालिक को निरूद्ध किया है। इस संबंध में सिमडेगा एसपी एम अर्शी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अलबुनूस केरकेट्टा नामक व्यक्ति का हत्या करने के बाद शव को पत्थर बांधकर एडेगा खेल मैदान के पास स्थित कुआं में फेंक दिया गया था। इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए छानबीन की गई थी और इसी मामले में अज्ञात अपराध कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था तथा पिता के लिखित शिकायत के आधार पर इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिक को निरूद्ध किया तथा दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

## मादक पदार्थों के विरुद्ध मैराथन रेस कल

**गुमला :** राज्य सरकार के निदेशार्नुसार दिनांक 10 जून 2025 से 26 जून 2025 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का आयोजन पूरे झारखंड में किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जन-जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। गुमला जिले में भी इस अभियान को चरणबद्ध रूप से कार्ययोजना के अनुसार संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यक्रमों की प्रतिदिन की गतिविधियो़ पर नियमित रूप से अपलोड किया जा रहा है।अभियान के अंतिम दिन 26 जून 2025 को विश्व मादक पदार्थ निषेध दिवस के अवसर पर गुमला जिला प्रशासन द्वारा
नशा के विरुद्ध जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है, जिसमें जिले के सभी नागरिकों की भागीदारी अपेक्षित है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक संदेश दें।

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का भव्य शुभारंभ

### उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित ने दीप प्रज्वलन कर किया उद्घाटन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित संत इग्नासियस उच्च विद्यालय, गुमला के स्टेडियम में आज जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने दीप प्रज्वलन कर औपचारिक रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो भी उपस्थित रहे।
उद्घाटन समारोह के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं द्वारा बैंड की मधुर धुन पर अंडर-17 बालक वर्ग की 12 प्रखंड स्तरीय टीमों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत कर आयोजन को भव्यता प्रदान की।
अपने अध्यक्षीय संबोधन में उपायुक्त ने खिलाड़ियों को समय की प्रतिबद्धता, अनुशासन और खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं और युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता को सकारात्मक दिशा देने की बात कही।
इसके पश्चात उपायुक्त ने सभी टीमों




से परिचय प्राप्त किया एवं गुब्बारे उड़ाकर तथा फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। उद्घाटन के उपरांत प्रतियोगिता का पहला मैच अल्बर्ट एक्का जारी और कामडारा प्रखंड के बीच खेला गया।
ज्ञात हो कि सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत जिले के सभी प्रखंडों में अंडर-15 बालक तथा अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के लिए चयन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 24 से 26 जून 2025 तक चलेगी, जिसमें विजेता टीम जिले का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेगी।
इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां सहित जिले के सभी एडीपीओ, एपीओ, बीईओ, बीपीओ एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।